सुप्रभात
रांची, शनिवार
19.08.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 39 | 12



समय से पहले ही भारत टीबी खत्म करने की ओर

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### हजारीबाग में हादसा एक की मौत, 10 घायल

**हजारीबाग।** बड़कागांव-हजारीबाग रोड स्थित बुढ़ाना मोड़ के पास शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में एक की मौत हो गयी और दस लोग घायल हो गये। एक हाइवा और एक टेलर के बीच टक्कर से यह हादसा हुआ। इस कारण टेलर में बैठे मजदूर तिलेश्वर रजक ( 40 ) की मौके पर मौत हो गयी। दोनों वाहन के चालक और टेलर में बैठी आठ महिलाएं भी घायल हो गयी हैं। मृतक की पहचान करेडारी प्रखंड के ग्राम पगार निवासी तिलेश्वर रजक के रूप में की गयी।

### क्लर्क और कंप्यूटर ऑपरेटर घूस लेते धराये

**कोडरमा।** वन प्रमंडल कार्यालय के दो कर्मियों को एसीबी की टीम ने शुक्रवार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम गिरफ्तार दोनों कर्मियों को कोडरमा में गुप्त ठिकाने पर ले जाकर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार लोगों में क्लर्क नीरव सिंह और कंप्यूटर ऑपरेटर ललन मिश्रा का नाम सामने आया है।

### गिरिडीह में भूमि विवाद में झड़प, 16 लोग घायल

**गिरिडीह।** भेलवाघाटी थाना इलाके के नोनियातुरी गांव में शुक्रवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प में 16 लोग जख्मी हो गये। इनमें चार की हालत नाजुक है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवादित जमीन पर एक पक्ष से राहुल साहू ने कोर्ट में केस चलने के बाद भी घर बनाना शुरू कर दिया। इसी बात का विरोध जब श्याम सुंदर साहू ने किया, तो दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये एक-दूसरे पर तलवार और रॉड से हमला कर दिया।

### लोहरदगा में वज्रपात से एक किसान की मौत

लोहरदगा। किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसिया डूमरटोली में शुक्रवार को बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आ कर एक किसान की मौत हो गयी। मृतक की पहचान 42 वर्षीय राम उरांव के रूप में की गयी। वह सुबह खेत में काम कर रहे थे।

### एनडीए में फूट, आजसू के एक और ने पर्चा भरा

**गिरिडीह।** डुमरी उपचुनाव में एनडीए को तगड़ा झटका लगा है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बैजनाथ महतो ऊर्फ छोटू ने सूर्यसिंह बेसरा की पार्टी झारखंड खतियानी पार्टी की टिकट पर पर्चा दाखिल कर दिया है।

### चीन ने पाकिस्तान से कहा भारत से सीखो

**नयी दिल्ली।** कई बार विश्व मंच पर भारत से घिरने के बाद पाकिस्तान की मदद को चीन आगे आ चुका है, लेकिन हाल में दो ऐसे मामले सामने आये हैं जब चीन ने पाकिस्तान को भारत से सीखने के लिए कहा है।

## युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी है झारखंड सरकार, रोजगार मेले में सीएम ने कहा

# लड़ कर लिया राज्य, हक-अधिकार भी लेंगे

### एक झलक

- 10,200 अभ्यर्थियों को सीएम ने सौंपा ऑफर लेटर
- निरक्षरों की भी रोजगार से जोड़ने की चल रही योजनाएं
- सहायक पुलिसकर्मियों को दो साल की अवधि विस्तार देने की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि लड़कर अलग झारखंड राज्य हासिल किया है, अब लड़कर हक-अधिकार भी लेंगे। श्री सोरेन शुक्रवार को चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेले में ऑफर लेटर वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 10,200 युवाओं को ऑफर लेटर सौंपा। इसके पूर्व सीएम ने ने दीप जला कर कोल्हान प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम ने घोषणा का कि राज्य के सहायक पुलिस कर्मियों को दो वर्ष का अवधि विस्तार मिलेगा। उनकी सरकार सहायक पुलिस कर्मियों के भविष्य को लेकर सरकार चिंतित है। इस दिशा में जल्द ठोस निर्णय लिये जायेंगे। सीएम ने कहा, उनकी सरकार ने राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की सेवा करने का संकल्प ले रखा है। इस दिशा में काफी कम समय में सरकार ने कई ऐसे निर्णय लिये हैं, जो राज्य को आगे बढ़ा रहे हैं। जन कल्याण से जुड़ी योजनाएं अब धरातल पर उतर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं। इस कड़ी में पढ़े लिखे एवं कम पढ़े- लिखे तथा निरक्षर लोगों के लिए भी रोजगार की कई योजनाएं चल रही हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### सरकारी हो या निजी क्षेत्र, कई मौके उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वहीं निजी क्षेत्र में भी यहां के आदिवासियों -मूलवासियों को रोजगार उपलब्ध कराने को सरकार ने नियम बनाये हैं। राज्य में कार्यरत निजी संस्थानों और कंपनियों में 40 हजार रुपये प्रति माह तक की नौकरियों में यहां के आदिवासियों-मूलवासियों को 75 प्रतिशत रोजगार देना अनिवार्य है। इस कानून बनने के बाद आज पहली बार कोल्हान की धरती से एक साथ दस हजार बीस युवाओं को ऑफर लेटर मिलना राज्य के लिए मील का पत्थर है। मुझे यह जानकर भी बहुत खुशी हुई कि इसमें लगभग 9500 आदिवासी- मूलवासी हैं।

## साहिबगंज अवैध खनन मामला

# हाइकोर्ट ने सीबीआइ को सौंपा जांच का जिम्मा

### कई बड़ी हस्तियों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने साहिबगंजअवैध खनन मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया है। अदालत के इस आदेश से कई बड़ी हस्तियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ज्ञात हो कि साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थानाक्षेत्र के नींबू पहाड़ पर हुए अवैध खनन मामले की सीबीआइ जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद हाइकोर्ट ने सीबीआइ को जांच का जिम्मा सौंप दिया। न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने विजय हांसदा की याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश जारी किया है। हाइकोर्ट ने कहा है कि आदेश की प्रति मिलने के एक माह के भीतर सीबीआइ अपनी जांच शुरू कर दे।


**याचिका वापसी की मांग की भी जांच होगी :** कोर्ट ने आदेश में यह भी कहा है कि चूकि विजय हांसदा कह रहे हैं कि उन्होंने जांच की मांग वाली कोई याचिका ही नहीं दी है, लिहाजा, उस मैटर की भी सीबीआई जांच करे और एक माह के भीतर रिपोर्ट दें। जानकारी के मुताबिक हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। अवैध खनन मामले में इडी ने विजय हांसदा को अपना गवाह बनाया है। इस बीच 17अगस्त को विजय हांसदा ने सीबीआइ जांच की मांग वाली याचिका को वापस लेने के लिए हाईकोर्ट में आवेदन दे दिया था। इसपर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की थी और कहा था कि ऐसा लगता है कि पर्दे के पीछे कोई और है। यह कहते हुए हाईकोर्ट ने विजय हांसदा के याचिका वापस लेने वाले आवेदन को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने विजय हांसदा को सुरक्षा मुहैया कराने का भी आदेश दिया था। अब पूरा मामला सीबीआई के पाले में चला गया है। इडी की भी कार्रवाई चल रही है।

(शेष पेज 11 पर)

# चांद को चूमने को चंद्रयान तैयार

### लैंडर की गति डीबूस्ट रोचक तस्वीरें भेजी

**एजेंसी**




**चेन्नई।** चांद से कुछ ही दिनों की दूरी पर चक्कर काट रहे चंद्रयान -3 के लैंडर विक्रम को 30 किमी के निकटतम बिंदु (पेरिल्यून) और 100 किमी के सबसे दूर बिंदु (अपोल्यून) वाली कक्षा में स्थापित करने के लिए शुक्रवार को इसकी गति को सफलतापूर्वक कम किया गया। अब चंद्रयान-3 चांद पर कदम रखने से चंद दिन ही दूर है। इसरो की ओर से जारी बयान में कहा गया, सॉफ्ट लैंडिंग की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार शाम चार बजे लैंडर की गति को डीबूस्ट किया गया। दूसरा डीबूस्टिंग ऑपरेशन 20 अगस्त की सुबह दो बजे किया जायेगा। इसरो के वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बार लैंडर विक्रम सफलतापूर्वक चांद की सतह पर उतर जायेगा। 23 अगस्त को लैंडर चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करता है तो ये भारत की बड़ी कामयाबी होगी।

**तस्वीरें भेजी :** इसरो ने चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल पर लगे कैमरों द्वारा ली गयी चंद्रमा की तस्वीरें और वीडियो जारी किया है। प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल के गुरुवार को अलग होने के बाद ली गयी तस्वीरों और वीडियो में चंद्रमा की सतह पर गड्ढे नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में 'फैब्री', 'जियोडानो ब्रूनो' और 'हरखेबी जे' के रूप में चिह्नित किया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

## लालू को मिली जमानत को सीबीआइ ने दी चुनौती

# सुप्रीम कोर्ट में 25 को होगी चुनौती याचिका पर सुनवाई

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआइ ने चारा घोटाले के दोषी बिहार के पूर्व सीएम व राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव (74) को झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से दी गयी जमानत रद्द करने की गुहार लगाते हुए शुक्रवार को शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। श्री यादव उच्च न्यायालय से जमानत के बाद जेल से बाहर हैं। शीर्ष अदालत सीबीआई की याचिका पर 25 अगस्त को सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से लालू यादव को जमानत देने के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर वह 25 अगस्त को सुनवाई करेगी। पीठ के समक्ष विशेष उल्लेख के दौरान सीबीआइ ने शुक्रवार को अपनी याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार लगायी थी।

### सिल्ली हादसा : सभी छह शव निकाले गये

रांची। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में हुए कुंआ धंसान हादसे में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया गया। यह रेस्क्यू ऑपरेशन करीब 20 घंटे तक चला। इस दौरान मिट्टी में दबे सभी छह लोगों को शव को बाहर निकाल लिया गया। गुरुवार को पांच लोगों की मौत हो गयी थी। मलबे से शुक्रवार को एनडीआरएफ की टीम की मदद से सभी छह लोगों के शव निकाल लिये गये हैं। इस घटना से पूरे गांव में चीख पुकार मची हुई है। मृतकों की पहचान मनोहर मांझी (45), रमेश चंद्र मांझी (60), गुरूपद मांझी (45), विष्णु चरण मांझी (45), धनंजय बेदिया(25) और बहादुर मांझी(41) के रूप में हुई है। सभी पिस्का गांव के निवासी थे।

## कोटा में छात्रों की आत्महत्या रोकने के नये उपाय

# छात्रावासों के पंखों में लगेंगे स्प्रिंग के खास उपकरण

**एजेंसी**



**कोटा।** यहां कोचिंग संस्थानों में पढ़ रहे छात्रों के फंदे से लटककर आत्महत्या करने की बढ़ती घटनाओं से कोटा प्रशासन चिंतित है। छात्रों को ऐसे कदम उठाने से रोकने के लिए प्रशासन ने एक बड़ा फैसला किया है। छात्रावासों को छत के पंखों में एक स्प्रिंग उपकरण लगाने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस साल अब तक कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले 20 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले साल 15 छात्रों ने आत्महत्या की थी। कोटा के अधिकारियों और अन्य हितधारकों के बीच एक बैठक में आत्महत्या रोधी कदमों पर चर्चा की गयी। उपायुक्त ओ पी बुनकर ने निर्देश जारी कर सख्ती से इसका पालन कराने का निर्देश दिया। प्रशासन ने कहा कि अगर पंखे संबंधी निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो छात्रावास मालिकों और उनके प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

**2017 से चल रही थी इसकी चर्चा :** कोटा हॉस्टल एसोसिएशन ने 2017 में इस उपाय पर चर्चा की थी, लेकिन शहर में अनुमानित रूप से 25,000 पेइंग गेस्ट सुविधाओं के कारण इसे लोकप्रियता नहीं मिली। यहां देश भर से हजारों छात्र हर साल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर में दाखिला लेते हैं। विशेषज्ञ इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि आत्महत्या से रोकने के लिए इस तरह के पंखे तनावग्रस्त छात्रों की कितनी मदद करेंगे। इस महीने, जिला प्रशासन ने निर्णय लिया कि छात्रों का समय-समय पर मनोवैज्ञानिक परीक्षण कराया जाएगा ताकि यह पता चल सके कि क्या वे जोखिम में हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### ऐसे काम करता है उपकरण

प्रशासन अनुसार अगर 20 किलो से अधिक वजन की कोई वस्तु पंखे से लटका दी जाये तो उसमें लगी स्प्रिंग फैल जाती है, जिससे किसी के लिए इस तरह से आत्महत्या करना असंभव हो जाता है। इसके साथ ही सायरन भी बज उठता है, जिससे आस पास के लोगों को आवाज आने पर वह ऐसी घटना होने से रोक सके।




# अमित महतो की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम शहजाद की अदालत में शुक्रवार को विधानसभा घेराव मामले में जेल में बंद पूर्व विधायक सह खातियानी पार्टी के नेता अमित महतो की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत में आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत शनिवार को अपना फैसला सुनायेगी। सीजेएम कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद अमित महतो ने न्यायायुक्त की अदालत में चार अगस्त को याचिका दाखिल की है। सीजेएम कोर्ट ने 17 जुलाई को जमानत देने से इनकार किया था। वह सोनाहातू सीओ के साथ मारपीट में सजायाफ्ता एवं विधानसभा घेराव मामले में 27 जून को सरेंडर किया था। तब से जेल में है। पिछले साल विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद धुर्वा थाना में अमित महतो समेत अन्य के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने, बिना अनुमति सड़क जाम करने समेत कई आरोप में प्राथमिकी कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गई थी।


## झारखण्ड सरकार
## राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**
**पंडरा (NH75 पर)–कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि०मी०) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–नावासोसो, थाना–राँची, थाना संख्या–150, अंचल–रातु, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा–पंडरा (NH75 पर)–कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि०मी०) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–नावासोसो, थाना–राँची, थाना संख्या–150, अंचल–रातु, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–14.998 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा–नावासोसो**

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 109 | टांड़ दो | 1.662 | अमीर खा वल्द महमद नवाब खा वगै० | 116 | रास्ता | 119 | 106 |
| 2 | 6 | 113 | मौटा आर | 0.060 | जगरनाथ हजाम, गोविन्द हजाम पेषरान कनयन हजाम वगै० | 145 | 114 | 141 | 146 |
| 3 | 6 | 114 | दोन तीन | 0.260 | जगरनाथ हजाम, गोविन्द हजाम पेषरान कनयन हजाम वगै० | 113 | 115 | 142 | 112 |
| 4 | 8 | 115 | दोन तीन | 0.260 | नथु मुन्डा वल्द लछुमन मुन्डा | 114 | 516 | 116 | 111 |
| 5 | 8 | 116 | टांड़ दो | 0.511 | नथु मुन्डा वल्द लछुमन मुन्डा | 516 | 109 | 117 | 110 |
| 6 | 33 | 139 | टांड़ दो | 0.026 | महरु हजाम, देव नारायन हजाम, हुलास हजाम, बन्धु हजाम पेषरान मंगल हजाम वगै० | 137 | 129 | 135 | 140 |
| 7 | 6 | 141 | टांड़ दो | 0.519 | जगरनाथ हजाम, गोविन्द हजाम पेषरान कनयन हजाम वगै० | 143 | 142 | 140 | 143 |
| 8 | 62 | 143 | दोन तीन | 0.085 | बकास्त भुईहरी | 144 | 113 | 141 | 144 |
| 9 | 27 | 149 | टांड़ दो | 0.361 | वहीरन हजाम, मनी हजाम पेषरान बाबु हजाम | 150 | 138 | 159 | 150 |
| 10 | 27 | 150 | दोन तीन | 0.334 | वहीरन हजाम, मनी हजाम पेषरान बाबु हजाम | 152 | 149 | 159 | 153 |
| 11 | 33 | 152 | दोन दो | 0.018 | महरु हजाम, देव नारायन हजाम, हुलास हजाम, बन्धु हजाम पेषरान मंगल हजाम वगै० | 154 | 150 | 155 | 154 |
| 12 | 14 | 155 | दोन तीन | 0.120 | भोला महतो वल्द भददर महतो | 161 | 160 | 160 | 152 |
| 13 | 14 | 156 | परती पत्थर | 0.012 | भोला महतो वल्द भददर महतो | 160 | 159 | 163 | 160 |
| 14 | 14 | 159 | टांड़ एक | 0.372 | भोला महतो वल्द भददर महतो | 160 | 138 | 305 | 150 |
| 15 | 14 | 160 | टांड़ दो | 0.426 | भोला महतो वल्द भददर महतो | 161 | 159 | 162 | 155 |
| 16 | 14 | 161 | दोन दो | 0.075 | भोला महतो वल्द भददर महतो | 203 | 160 | 166 | 154 |
| 17 | 35 | 162 | टांड़ एक | 0.203 | करमा उरांव पेषरान मादी उरांव वगै० | 166 | 163 | 165 | 160 |
| 18 | 35 | 163 | टांड़ दो | 0.018 | करमा उरांव पेषरान मादी उरांव वगै० | 162 | 159 | 164 | 160 |
| 19 | 35 | 165 | टांड़ दो | 0.038 | करमा उरांव पेषरान मादी उरांव वगै० | 166 | 164 | 168 | 162 |
| 20 | 35 | 166 | दोन दो | 0.235 | करमा उरांव पेषरान मादी उरांव वगै० | 201 | 162 | 167 | 161 |
| 21 | 8 | 167 | दोन तीन | 0.214 | नथु मुन्डा वल्द लछुमन मुन्डा | 170 | 168 | 174 | 166 |
| 22 | 23 | 169 | दोन दो | 0.217 | तेजु हजाम वो टैकेरे हजाम पिता दीलु हजाम वगै० | 190 | 167 | 170 | 201 |
| 23 | 32 | 170 | दोन दो | 0.269 | भोला महतो वल्द मादर महतो | 186 | 167 | 171 | 169 |
| 24 | 23 | 171 | दोन दो | 0.150 | तेजु हजाम वो टैकेरे हजाम पिता दीलु हजाम वगै० | 185 | 167 | 172 | 170 |
| 25 | 19 | 172 | दोन दो | 0.242 | मोसेमात ननु हाजामीन, दोखतर सीवा नन्द हजाम | 184 | 173 | 180 | 171 |
| 26 | – | 176 | – | 0.009 | अज्ञात | – | – | – | – |
| 27 | 5 | 180 | दोन दो | 0.202 | धामा महतो वल्द भुखाल महतो | 181 | 178 | 253 | 184 |
| 28 | 5 | 181 | दोन एक | 0.091 | धामा महतो वल्द भुखाल महतो | 182 | 180 | 251 | 184 |
| 29 | 19 | 184 | दोन एक | 0.463 | मोसेमात ननु हाजामीन, दोखतर सीवा नन्द हजाम | 183 | 172 | 181 | 185 |
| 30 | 23 | 185 | दोन एक | 0.127 | तेजु हजाम वो टैकेरे हजाम पिता दीलु हजाम वगै० | 246 | 171 | 184 | 186 |
| 31 | 32 | 186 | दोन एक | 0.013 | भोला महतो वल्द मादर महतो | 187 | 170 | 185 | 189 |
| 32 | 36 | 201 | दोन दो | 0.055 | घुमना मुण्डा वगै० | 191 | 166 | 169 | 202 |
| 33 | 35 | 202 | दोन दो | 0.004 | करमा उरांव पेषरान मादी उरांव वगै० | 200 | 166 | 201 | 203 |
| 34 | 54 | 233 | दोन एक | 0.224 | महादेव पाहन वल्द भानु पाहन | 234 | 261 | 335 | 233 |
| 35 | 54 | 234 | पोखरा | 0.051 | महादेव पाहन वल्द भानु पाहन वगै० | 233 | 233 | 335 | 233 |
| 36 | 30 | 235 | दोन एक | 0.003 | वीरा मुन्डा, वल्द गनसा मुन्डा वगै० | 239 | 261 | 233 | 236 |
| 37 | 17 | 251 | दोन एक | 0.001 | लेदु मुन्डा वो सुकरा मुन्डा पिता कोका मुन्डा | 250 | 252 | 252 | 181 |
| 38 | 21 | 252 | दोन एक | 0.322 | धुमरा मुन्डा वल्द जीतना मुन्डा वगै० | 250 | 253 | 249 | 251 |
| 39 | 21 | 253 | दोन दो | 0.385 | धुमरा मुन्डा वल्द जीतना मुन्डा वगै० | 252 | 254 | 259 | 180 |
| 40 | 67 | 254 | दोन दो | 0.124 | बकास्त भुईहरी वो अएनी धुमड़ा मुन्डा पिता जीतन मुन्डा वगै० | 253 | 255 | 259 | 180 |
| 41 | 73 | 255 | टांड़ दो | 0.022 | बकास्त | 254 | 296 | 257 | 177 |
| 42 | 73 | 259 | टांड़ दो | 0.481 | बकास्त | 260 | 257 | 266 | 254 |
| 43 | 74 | 260 | दोन दो | 0.268 | बकास्त पहनई | 261 | 259 | 266 | 252 |
| 44 | 74 | 261 | दोन दो | 1.207 | बकास्त पहनई | 235 | 265 | 262 | 252 |
| 45 | 54 | 262 | दोन दो | 0.091 | महादेव पाहन वल्द भानु पाहन वगै० | 335 | 263 | 335 | 261 |
| 46 | 62 | 264 | दोन तीन | 0.045 | बकास्त भुइहरी | 261 | 270 | 263 | 265 |
| 47 | 62 | 265 | दोन तीन | 0.074 | बकास्त भुइहरी | 261 | 267 | 264 | 266 |
| 48 | 62 | 266 | दोन तीन | 0.154 | बकास्त भुइहरी | 261 | 267 | 265 | 259 |
| 49 | 62 | 347 | दोन तीन | 0.609 | बकास्त भुइहरी | सीमाना | 348 | सीमाना | 346 |
| 50 | 73 | 348 | दोन एक | 0.270 | बकास्त | 347 | 369 | सीमाना | 349 |
| 51 | 62 | 349 | दोन एक | 0.469 | बकास्त भुइहरी | 346 | 369 | 348 | 350 |
| 52 | 62 | 350 | दोन एक | 0.079 | बकास्त भुइहरी | 351 | 349 | 349 | 351 |
| 53 | 73 | 351 | दोन एक | 0.024 | बकास्त | 352 | 368 | 350 | 353 |
| 54 | 73 | 353 | दोन एक | 0.039 | बकास्त | 352 | 356 | 351 | 354 |
| 55 | 73 | 354 | दोन एक | 0.049 | बकास्त | 338 | 356 | 353 | 355 |
| 56 | 73 | 355 | दोन एक | 0.032 | बकास्त | 338 | 356 | 354 | 335 |
| 57 | 63 | 356 | दोन दो | 0.848 | बकास्त भुइहरी | 354 | 357 | 368 | 335 |
| 58 | 64 | 357 | दोन तीन | 0.152 | बकास्त भुइहरी | 356 | 358 | 365 | 335 |
| 59 | 8 | 366 | दोन दो | 0.013 | नथु मुन्डा वल्द लछुमन मुन्डा | 368 | 364 | 367 | 365 |
| 60 | 7 | 388 | दोन दो | 0.593 | दीजए हजाम उर्फ नुनु हजाम वल्द मुडला हजाम | 351 | 367 | 348 | 356 |
| 61 | 8 | 115/516 | दोन तीन | 0.244 | नथु मुन्डा वल्द लछुमन मुन्डा | 114 | 109 | 117 | 110 |
| 62 | 60 | 140 | परती पत्थर | 0.407 | गैरमजरुआ मालिक | 149 | 141 | 139 | 141 |
| 63 | 60 | 142 | परती पत्थर | 0.067 | गैरमजरुआ मालिक | 141 | 116 | 141 | 114 |
| | | | Total | 14.998 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
राँची

PR 304883 (Land Reforms)23-24*D


## साहिबगंज की जनसंकल्प यात्रा में गरजे बाबूलाल मरांडी

# झारखंड में महागठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकें तीसरी बार नरेंद्र मोदी को बनायें पीएम : बाबूलाल

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भ्रष्टाचारी गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का लें संकल्प**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा की संकल्प यात्रा के दूसरे दिन राजमहल विस में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भेजे गये पैसों का भी बंदरबांट हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन बरहेट से विधायक हैं लेकिन, इस ज़िले की स्थिति बदतर है। उन्होंने कहा कि नमो को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए साहिबगंज से भाजपा प्रत्याशी को जीताना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पत्थर, बालू, कोयला, लोहा दलाल बिचौलिया बेंच रहे हैं लेकिन, आदिवासियों को लीज नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए परिवारवाद पार्टियों को समाप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीबों की चिंता करते हैं और मुख्यमंत्री परिवार, दलाल, भ्रष्ट अफसरों को बचाने की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, दुष्कर्म करने वालों पर करवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो बांग्लादेशियों को चुन-चुन कर बाहर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि साहेबगंज और पाकुड़ में बांग्लादेशियों को बसाया जा रहा है। सभा में विधायक अनंत ओझा, जिला अध्यक्ष राम दरस यादव सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### बाबूलाल ने महगामा में भी की सभा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने रोजगार नहीं तो भत्ता समेत अनेकों वादा करके सत्ता में आये लेकिन, किये गये वादों को तो छोड़ दीजिये जो हक अधिकार था उसे भी छीन लिया। श्री मरांडी शुक्रवार को महगामा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में भय का माहौल है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट है। उन्होंने कहा कि सरकार के नीतियों का विरोध करने पर सांसद निशिकांत दुबे पर दर्जन भर केस दर्ज है। उन्होंने कहा कि कानून का राज स्थापित करने, भयमुक्त राज्य बनाने के लिए और राज्य की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प दिलाने आया हूं। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन और उनके परिवार ने आदिवासियों को लूटा है। पत्थर, कोयला, बालू की लूट मची है। प्रदेश में घुसपैठियों, दलालों और भष्टार्चारियों के निर्देश पर सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जहां-जहां सरकार रही है वहां विकास की चर्चा होती है। इस अवसर पर डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, अनंत ओझा आदि दर्जनों उपस्थित थे।

**80 उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की कार्ययोजना तैयार**

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर 800 शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य भर के 80 उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 अगस्त से 13 अक्तूबर तक जेसीईआरटी, रातू रांची में आयोजित होगा। इन शिक्षकों को अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। ताकि बदलते समय के अनुरूप बच्चों को और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सके।

80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षकों के लिए विभिन्न चरणों में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों को प्रशिक्षण दी जायेगी। इस प्रकार कुल 800 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। कुल पांच बैच में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। पहले बैच को 21-25 अगस्त, दूसरे बैच 11-15 सितम्बर, तीसरे बैच को 18-22 सितम्बर, चौथे बैच को 03-07 अक्टूबर एवं पांचवें बैच को 09-13 अक्टूबर तक प्रशिक्षण मिलेगा। इस प्रशिक्षण से पूर्व हर स्कूल के दो शिक्षकों को हर्ष जोहार के जरिये प्रशिक्षण मिल चुका है।

### हेडमास्टर कर रहे बच्चों का मार्गदर्शन

इससे पूर्व 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा कराया जा चुका है। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का दो चरण में प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। जनवरी 2023 में प्रधानाध्यापकों में क्षमता वर्धन के लिए आईआईएम, रांची एवं आईआईएम अहमदाबाद द्वारा 15 प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। अब शिक्षकों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू हो रहा है।

## होमगार्ड नियुक्ति को लेकर नये सिरे से मेधा सूची होगी जारी: अंबा

**रांची।** विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर सरकारी आश्वासन समिति की बैठक में हजारीबाग होमगार्ड मामले में फिर से नियुक्ति को लेकर मेधा सूची जारी करने का निर्णय लिया गया है। आश्वासन समिति की सदस्य विधायक अंबा प्रसाद ने विस में हजारीबाग होमगार्ड अभ्यर्थियों के मामले को उठाया था। मालूम हो कि हजारीबाग डीसी द्वारा होमगार्ड नियुक्ति को रद्द करने के मामले को विधायक ने विस में उठाया था। जिस पर सरकारी आश्वासन प्राप्त हुआ था कि यथाशीघ्र होमगार्ड नियमावली के तहत नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करायी जायेगी लेकिन, मामले में विलंब को देखते हुये विधायक अंबा प्रसाद ने मामले को समिति के सामने रखा। समिति को विभाग ने अवगत कराया कि हजारीबाग गृह रक्षक नव नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर औपबंधिक सूची प्रकाशित करने के उपरांत विभिन्न स्तरों पर शिकायत प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद डीसी हजारीबाग ने जांच कराई।

**टीएसपीसी नक्सलियों ने ली जिम्मेवारी**

## एक करोड़ पांच लाख गबन करने के मामले में राजेंद्र साहू की हुई हत्या

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/लातेहार।** लातेहार के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष और कोयला व्यवसायी भाजपा नेता राजेंद्र साहू की हत्या की जिम्मेवारी टीएसपीसी नक्सली संगठन ने ली है। नक्सली संगठन के द्वारा एक विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि राजेंद्र साहू ने टीएसपीसी संगठन के करोड़ों रुपए गबन कर लिया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राजेंद्र साहू पिछले कई वर्षों से नक्सली संगठन टीएसपीसी के संपर्क में थे।

**हथियार खरीदने के लिए संगठन ने दिया था एक करोड़ पांच लाख** बताया गया कि संगठन के द्वारा हथियार खरीदने के नाम पर उन्हें कामरेड मुरारी जी के द्वारा एक करोड़ पांच लाख रूपए दिए गये थे। वे हथियार भी नहीं खरीद रहे थे, जब उनसे पैसे की मांग की जा रही थी तो वह संगठन को ही चैलेंज करने लगे थे। विज्ञप्ति के माध्यम से नक्सली संगठन टीएसपीसी ने राजेंद्र साहू पर कई अन्य गंभीर आरोप भी लगाए हैं। जिसमें संगठन के साथ गद्दारी करने का भी आरोप है। कहा गया है कि इसी कारण संगठन के द्वारा राजेंद्र साहू के खिलाफ फौजी कार्रवाई की गई और उनकी हत्या कर दी गयी।

**अन्य लोगों को भी दी गई है धमकी :** विज्ञप्ति में कहा गया है कि कई अन्य लोग भी हैं जो टीएसपीसी संगठन का पैसा गबन किए हुए हैं। ऐसे लोगों को संगठन चेतावनी दे रही है कि संगठन का पैसा वापस करें अन्यथा अंजाम बुरा होगा।

**12 अगस्त को मारी गई थी गोली** राजेंद्र साहू को गत 12 अगस्त को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में अपराधियों ने गोली मार दी थी। इसके बाद रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 14 अगस्त को उनका निधन हो गया था।

**खबर एक नजर में**

### ग्रामीण कार्य विभाग से मुरारी भगत का ट्रांसफर

**रांची।** राज्य सरकार ने ग्रामीण कार्य विभाग से अभियंता प्रमुख सह अपर आयुक्त सह विशेष सचिव मुरारी भगत का ट्रांसफर कर दिया है। पथ निर्माण विभाग ने उनकी सेवा वापस लेते हुए उन्हें अभियंता प्रमुख तकनीकी परीक्षक कोषांग मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय एवं निगरानी प्रभाग में पदस्थापित किया है। इस संबंध में पथ निर्माण विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### श्रीराम ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर की गवाही दर्ज

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले में शुक्रवार को ईडी की ओर से गवाही दर्ज की गयी। ईडी की विशेष अदालत में श्रीराम ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर की गवाही दर्ज कराई। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष ने गवाह का प्रति–परीक्षण किया। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 28 अगस्त निर्धारित की है। मामले के अन्य गवाहों को समन भी जारी किया जायेगा। मामले में राम बिनोद प्रसाद सिन्हा, पूजा सिंघल, कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश एवं सीए सुमन कुमार जेल में रहते हुये ट्रायल फेस कर रहे हैं।

### केएन त्रिपाठी की चुनाव चुनौती याचिका खारिज

**रांची।** भाजपा विधायक आलोक चौरसिया को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने कांग्रेस के पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी की चुनाव चुनौती याचिका को खारिज कर दी है। केएन त्रिपाठी का आरोप था कि डाल्टनगंज से भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने 25 साल की उम्र पूरी किए बगैर चुनाव लड़ा था। इसी को लेकर उन्होंने निर्वाचन को चुनौती दी थी। इस मामले में न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने 80 पेज का फैसला सुनाया है। आलोक चौरसिया की ओर से यह भी कहा गया कि जब जैक ने उनकी जन्मतिथि में संशोधन कर दिया है तो उसे किसी अदालत में चैलेंज नहीं किया जा सकता है। फिर इलेक्शन पिटिशन में कैसे इसे चुनौती दी जा सकती है।

### रजनीकांत से मिलीं अंबा प्रसाद, लिया आशीर्वाद



रांची। झारखंड दौरे पर आये सुपरस्टार रजनीकांत से विधायक अंबा प्रसाद से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। लगभग आधे घंटे तक चली वार्ता के दौरान रजनीकांत ने विधायक अंबा प्रसाद को पुत्री संबोधित कर सफलता के मंत्र दिये। जन सेवा की भावना को देखते हुये रजनीकांत ने अंबा प्रसाद को दक्षिण भारत आने के लिये आमंत्रण दिया। मालूम हो कि सुपरस्टार रजनीकांत रजरप्पा मंदिर में जाकर पूजा–अर्चना की थी। वापस लौटते समय रांची में उन्होंने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से बातचीत में कहा कि रजरप्पा माता का दर्शन का शानदार अनुभव रहा।

### डुमरी में आइएनडीआइए की जीत तय : दीपांकर



**रांची।** भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड दीपंकर भट्आचार्य ने कहा कि मणिपुर में 4 महीने के बाद भी शांति सद्भाव नहीं है, राहत शिविरों में न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं नहीं है। वहां सरकार के संरक्षण में हिंसा जारी है। दीपंकर शुक्रवार को पार्टी राज्य कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

**डुमरी में इंडिया गठबंधन की जीत तय :** दीपंकर ने कहा कि डुमरी उपचुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन मजबूती के साथ झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में उतरेगा और भाजपा आजसू गठबंधन को हरायेगा। माले विधायक कामरेड विनोद सिंह झामुमो प्रत्याशी के नामांकन में शामिल थे। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त–1 सितंबर को महाराष्ट्र में आइएनडीआइए गठबंधन की अगली बैठक में गठबंधन के दल भावी रणनीति पर विचार करेंगे। मौके पर माले राज्य सचिव मनोज भक्त और विनोद सिंह भी उपस्थित थे।

# एनडीए में बगावत, मैदान में आजसू केंद्रीय सचिव बैजनाथ महतो चुनावी मैदान में उतरे

**डुमरी उपचुनाव**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डुमरी उपचुनाव में एनडीए की ओर से विभीषण मैदान में उतर गया है। विभीषण बैजनाथ महतो को बनाया गया है। बैजनाथ के चुनाव में नामांकन करने से एनडीए को झटका लग सकता है। यह झटका आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बैजनाथ महतो ऊर्फ छोटू ने दिया है। बैजनाथ इस सीट पर खड़े हो गए हैं। उन्होंने इस सीट के लिए नाम नामांकन पर्चा दाखिल किया है। यह पर्चा सूर्यसिंह बेसरा की पार्टी झारखण्ड खतियानी पार्टी की टिकट पर दाखिल किया है। हालांकि, एनडीए के शीर्ष नेता का कहना है कि प्रजातांत्रिक देश में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है।

**बैजनाथ ने कहा, जमीनी स्तर के नेता को दूसरे के भरोसे रहना ठीक नहीं :** बैजनाथ ने कहा कि क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिए हम जमीनी स्तर के कार्यकर्ता को दूसरे पर निर्भर रहना ठीक नहीं है। यहां शिकारी आते हैं, जाल बिछाते हैं और बड़े बड़े ख्वाब दिखाते हैं। ऐसे शिकारी के जाल से इस क्षेत्र की जनता को बचाने के लिए भी वे मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा है कि वे 28 साल से राजनीति में हैं और डुमरी के कल्याण को लेकर कई आंदोलन किए। आंदोलन का लाभ भी लोगों को मिला।

**सुदेश से कोई शिकायत नहीं :** आजसू के केंद्रीय सचिव के पद पर रहे बैजनाथ महतो का कहना है कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने उनके लिए बहुत कुछ किया है। वे भी पार्टी के लिए हमेशा करते रहे। उन्हें आजसू केंद्रीय अध्यक्ष से कोई शिकायत नहीं है। कहा कि वे इस डुमरी के किसानों को उन्नत करना चाहते हैं, उनकी ख्वाहिश है कि यहां के युवा यहीं पर काम करें और जिंदगी को संवारें। कहा कि जनता और कार्यकर्ता के कहने पर ही वे मैदान में उतरे हैं।

**कौन है बैजनाथ महतो :** बैजनाथ महतो आजसू के पुराने नेता हैं। इनकी क्षेत्र में अच्छी पकड़ है। वर्तमान में बैजनाथ जिला परिषद सदस्य भी हैं। इनके द्वारा किसान उन्नति को लेकर कई काम किए जा रहे हैं। इन्होंने ने ढेकी घर भी बना रखा है। बताया जाता है कि बैजनाथ महतो आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के भी काफी करीबी हैं। इनके मैदान में डटे रहने से एनडीए को इस चुनाव में नुकसान हो सकता है।

## सीएम ने जताया शोक, आजसू सुप्रीमो ने किया दुःख प्रकट

# सिल्ली कुआं हादसा में छह लोगों की हुई मौत एनडीआरएफ की टीम ने दो की बचायी जान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/सिल्ली।** सिल्ली के पिस्का गांव में एक कच्चे कुएं में गिरे गाय के बछड़े को बचाने के क्रम में गुरुवार को कुआं धंसने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि एनडीआरएफ की टीम ने दो लोगों को रेस्क्यू कर बचा लिया। लोगों को बचाने के लिए लगभग 20 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद एनडीआरएफ और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी 6 शवों को बरामद कर लिया गया। ग्रामीणों के बचे होने की उम्मीद को लेकर एनडीआरएफ और ग्रामीणों की ओर से पूरी रात रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। घटनास्थल पर स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो समेत सिल्ली के डीएसपी, बीडीओ और अन्य प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण और हादसे के शिकार लोगों के परिजन भी मौजूद रहे।

| जिनकी मौत हुई |
|---|
| मंटू मांझी(52 वर्ष) |
| विष्णु चरण मांझी(45 वर्ष) |
| रमेश चंद्र मांझी(65 वर्ष) |
| बहादुर मांझी(40 वर्ष) |
| गुरुपद मांझी (54 वर्ष) |
| टेंपू मांझी (47 वर्ष) |

**सीएम ने जताया शोक :** सिल्ली के पिस्का गांव में कुएं धंसने की घटना में लोगों के हताहत और उनके फंसे रहने की घटना पर सीएम ने दुःख जताया है। उन्होंने ट्विटर में लिखा है कि कुंए में छह लोगों की मरने की दुःखद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा दिवगंत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

**आजसू सुप्रीमो ने जताया दुःख :** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो पूरी रात घटनास्थल पर डटे रहे। इस हादसे पर दुख जताते हुए सुदेश महतो ने कहा कि यह दुखद घटना है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास ऐसी आपात स्थिति से निपटने की कोई रणनीति नहीं है। एनडीआरएफ कमांडर ने भी रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानियों को लेकर कहा कि पूरा कुंआ का पत्थर अंदर गिर गया है जो 40 फीट गहरा है।

## आरोपी सरफराज खान ने बीएसएनएल में नौकरी दिलाने के नाम पर की थी ठगी

# 30 लोगों से ₹1 करोड़ ठगने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा, देवघर से गिरफ्तार

**पीड़ित दीप्ति कश्यप ने 9 अगस्त 2018 को उसके खिलाफ डोरंडा में दर्ज करवाया था मामला**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में सरफराज खान बनकर 30 लोगों से करीब एक करोड़ रूपए ठगने के आरोपी को रांची पुलिस ने देवघर से गिरफ्तार कर लिया है। ठग का असली नाम चंदन गुप्ता है, वह मूल रूप से दुमका का रहनेवाला है। पांच साल पहले यानि साल 2018 में चंदन गुप्ता उर्फ सरफराज खान ने बीएसएनएल में नौकरी दिलाने के नाम पर रांची के 30 लोगों से 1 करोड़ रुपये की ठगी कर ली थी। मामले में पीड़ित दीप्ति कश्यप ने 9 अगस्त में 2018 को उसके खिलाफ डोरंडा में मामला दर्ज करवाया था।

रांची पुलिस उसकी तलाश में दुमका जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरनाकुंडी स्थित उसके घर पर लगातार दबिश दे रही थी। इस बीच उसने अपना ठिकाना देवघर बना लिया था और अभियान सिंह राजपूत के नाम पर रह रहा था। उसने देवघर के रिखिया में उसने जालसाजी की शुरूआत की। रिखिया थाना क्षेत्र की सैंकड़ो महिलाओं को एक महीने में रकम दोगुनी करने का लालच देकर ठगी करने वाला शातिर अब पुलिस की गिरफ्त में है।

### कभी डाक विभाग तो कभी बीएसएनएल में दिलाता था नौकरी

कभी चंदन गुप्ता तो कभी सरफराज खान और अब खुद को अभियान सिंह राजपूत नाम वाले इस शख्स ने कभी डाक विभाग में नौकरी, कभी बीएसएनएल में नौकरी दिलाने और एक महीना में पैसा दोगुना करने का लालच देकर करोड़ों रुपये की जालसाजी की है। इन दिनों वह देवघर में रहकर डेवलप ड्रीम फाउंडेशन बनाकर आम लोगों को अपना शिकार बना रहा था। इस शातिर ठग ने ठगी की शुरूआत दुमका से की थी।

पुलिस ने बताया कि चंदन ने वर्ष 2017 की जुलाई में दुमका के पोखरा चौक के समीप चाय दुकान चलाने वाले भरत से उनके घर के एक युवके को डाक विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठग लिया था। प्रेशर दिये जाने चंदन ने अपनी पत्नी पिंकी कुमारी के अकाउंट का चेक देकर पैसे लौटने की बात कही। हालांकि अकाउंट में रकम नहीं रहने के कारण चेक बाउंस हो गया था। कोर्ट में चाय दुकान चलाने वाले दीपक को भी झांसा देकर लाखों रुपए ठग लिया था। चंदन ने खुद को बीएसएनएल का डायरेक्टर बताकर दुमका में एक दर्जन से अधिक लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा लिया था। लोगों ने उसे पकड़कर टाउन पुलिस स्टेशन की पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस स्टेशन में ठगी के शिकार लोगों से समझौते के बाद उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज नहीं करायी गयी। दुमका में उसकी करतूतों का भंडाफोड़ होने के बाद वह रांची चला आया था। रांची में वह सरफराज खान बनकर ठगी की घटना को अंजाम दे रहा था।

# ऐतिहासिक होगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : संजय सेठ

**6 और 7 सितंबर को अल्बर्ट एक्का चौक पर जन्माष्टमी उत्सव, श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति गठित**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति के सानिध्य में 6 और 7 सितंबर को फिरायालाल चौक में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति के संरक्षक संजय सेठ समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने शुक्रवार को बताया कि आयोजन धूमधाम किया जायेगा। इसके साथ ही कमेटी का विस्तार किया गया व आयोजन की सफलता के लिये सदस्यों के बीच कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी गयी। संरक्षकः- संजय सेठ, सीपी सिंह, अजय मारू। आयोजन समिति के अध्यक्ष- मुकेश काबरा, महासचिव जवाहर तनेजा, स्वागत समिति- संतोष जैन, पुनीत पोद्दार, अरुण छावछरिया, रविंद्र मोदी , संजीव विजयवर्गीय, रमेश अजमेरिया, चंद्रकांत रायपत, आशीष भाटिया, छवि बिरमानी , ललित केजरीवाल, राजीव चटर्जी, संयोजक- कुणाल आजमानी, सचिवः रमेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष- राम बांगड़, दही हांडी फोडो प्रतियोगिता- राज वर्मा, ललन श्री वास्तव, प्रमोद सारस्वत, विजय ओझा, राजेश चौधरी, मनोज तिवारी, नंद किशोर सिंह चंदेल, रवि सिंह, भीम सिंह, नीरज चौधरी, रवि मुंडा, सबलू मुंडा, भोलू सिंह, राम लगन राम, आनंद वर्मा, राकेश चौधरी, मंच और पुष्प सज्जा रामाशंकर बागड़िया, संतोष सेठ, मीडिया- प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार। इसके अलावा अन्य सदस्यों को भी जिम्मेवारी सौंपी गयी है।

जन्माष्टमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि 6 सितंबर को बाल गोपाल प्रतियोगिता व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। वहीं 7 सितंबर को संध्या बेला में दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता भजन संध्या सहित नृत्य नाटिका का आयोजन होगा। मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत और संजय पोद्दार ने बताया कि बाल गोपाल प्रतियोगिता व दही हांडी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मेन रोड स्थित केडिया साइकिल और स्टेशन रोड स्थित पतंजलि बाबा रामदेव के सेंटर में फॉम ले सकते हैं। सतीश सिन्हा के मोबाइल नंबर 9431101328 पर संपर्क कर भी फार्म प्राप्त किया जा सकता है।

## राजधानी में 22 चेन छिनतई की वारदात को किया स्वीकार

# गिरोह के साथ महिलाओं की गले से चेन उड़ाता था बंदर, तीन गिरफ्तार




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से चेन छिनतई की वारदात को अंजाम देनेवाले गिरोह के सरगना मो नौशाद उर्फ मिस्टर उर्फ बंदर उर्फ राज, मो. फहीम अंसारी, महिला शबनम परवीन उर्फ चांदनी और चोरी की चेन खरीदने वाले अजय वर्मा उर्फ अजय सोनी को गिरफ्तार किया है। मो नौशाद उर्फ मिस्टर उर्फ बंदर के इशारे पर ही कई इलाकों में महिलाओं की गले से चेन उड़ाया जाता था। चेन लूट के बाद वह हिंदपीढ़ी में शबनम परवीन उर्फ चांदनी को देता था, इसके बाद चांदनी लालपुर में रह रहे ज्वेलर्स अजय वर्मा उर्फ अजय सोनी को बेच देती थी। पुलिस ने अजय सोनी के पास से 14 ग्राम सोना गला हुआ जब्त किया है।

एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम का नेतृत्व हटिया डीएसपी राजा मित्रा को दिया गया। पुलिस को सूचना मिली कि एक लाल रंग की अपाची जिसका नंबर जेएच-01डीके-7157 है, अरगोड़ा इलाके में देखा गया है। पुलिस की टीम ने उनदोनों को पकड़ लिया। पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर उनलोगों ने पुलिस के समक्ष सारा सच बता दिया। इन दोनों की निशानदेही पर महिला शबनम परवीन उर्फ जोया उर्फ चांदनी को धर दबोचा गया, जिसके बाद चेन छिनतई गिरोह का खुलासा हुआ। पुलिस को इनलोगो ने बताया कि उनलोगों ने 22 जगहों पर चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया था। इन लोगों ने चेन छिनतई गिरोह का नाम देवा रखा था।

## झारखंड में बर्ड फ्लू की दस्तक, 9 माह का बच्चा संक्रमित



रिम्स के आइसोलेशन वार्ड में चल रहा है इलाज

**रांची।** झारखंड में बर्ड फ्लू की दस्तक से स्वास्थ्य महकमा सकते में है। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स विभाग में जांच के दौरान बच्चे में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ मनोज कुमार ने कहा कि पीडियाट्रिक विभाग में डॉ राजीव मिश्रा की यूनिट में एक 9 माह के बच्चे का सैंपल लिया गया है। इसमें बर्ड फ्लू की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। बच्चा रामगढ़ के संदवाडीह का रहने वाला है।

# सीसीएल का एवरेस्ट समिट कल ख्यातिप्राप्त पर्वतारोही होंगे शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 20 अगस्त को सीसीएल द्वारा मुख्यालय के कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित एवरेस्ट समिट में बतौर मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद तथा सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

इस एवरेस्ट समिट में एवरेस्ट चोटी पर सफलतापूर्वक फतह हासिल करने वाले 15 पर्वतारोही पहली बार एक साथ एक मंच पर उपस्थित होंगे। इनमें जामलिंग तेनजिंग, कर्नल रणवीर जामवाल, श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल, प्रियंका मोहिते इत्यादि पर्वतारोही प्रमुख हैं। इस विशेष आयोजन में सभी पर्वतारोही हिमालय के दुर्गम चढ़ाई की प्रेरक स्मृतियों एवं अनुभवों को साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए शास्त्रीय नृत्य ओडिशी एवं म्यूजिक बैंड की प्रस्तुति की जाएगी।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मियों तथा हितधारकों को जीवन की चुनौतियों पर सफलतापूर्वक विजय प्राप्त करने की ओर प्रेरित करना है। सीसीएल समय-समय पर ख्यातिप्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित कर इस तरह के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है। जिससे सीसीएल के कर्मियों एवं हितधारकों के बहुआयामी विकास हो सके, जिससे कर्मी अपना शत प्रतिशत देकर कंपनी को नयी ऊँचाई पर पहुंचाए।

## रिम्स में शिक्षक नियुक्ति मामले में हाइकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**रांची।** रिम्स में ट्यूटर (शिक्षक) के पद को 3 साल की समय सीमा निर्धारित करने को लेकर रेखा शर्मा एवं अन्य की ओर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने रेखा शर्मा एवं अन्य के मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिका में कहा गया है रिम्स में उनकी नियुक्ति ट्यूटर पद पर हुई थी। उस समय ट्यूटर पद के लिए कोई समय सीमा नहीं थी। बाद में रिम्स ने नियम बनाकर ट्यूटर पद के लिए 3 साल की अवधि निर्धारित की। प्रार्थी का कहना था कि जिस विज्ञापन से उनकी नियुक्ति हुई है उसमें ट्यूटर पद के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं थी। ट्यूटर पोस्ट को 3 साल की अवधि निर्धारित करने के खिलाफ दायर याचिका को कोर्ट ने रेखा शर्मा एवं अन्य की याचिका से अलग करते हुए उसकी अलग से सुनवाई का निर्देश दिया है।

# मेफेयर अपार्टमेंट में वृंदावन से पधारे श्रीराम कृष्ण जी महाराज ने बहायी भक्ति की गंगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ओटीसी मैदान के समीप स्थित मेफेयर अपार्टमेंट में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन श्री कृष्णा और रुकमणी का विवाह उत्सव मनाया गया। इस दौरान वृंदावन से पधारे श्रीराम कृष्ण जी महाराज ने श्रोताओं को माता रुक्मणी और भगवान श्री कृष्ण की विवाह की न सिर्फ कथा सुनाई बल्कि उसे नाट्यरूप में प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा सुनने पहुंचे लोग श्रीकृष्ण जी महाराज के मुख से भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी के विवाह की कथा सुन भाव विभोर हो गए। बताते चलें कि मेफेयर अपार्टमेंट में पंडरा के व्यापारी ध्रुव चौरसिया के नेतृत्व में बीते 13 अगस्त से 8 दिनी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस ज्ञान यज्ञ में भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े हर पहलुओं को से श्रोताओं को अवगत कराया जा रहा है। उनकी कथा सुना कर उनका चित्रण किया जा रहा है।

**दूसरे पहर कथा और शाम में अरती का आयोजन :** 3:30 बजे से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तहत कथा की शुरुआत की गयी। कथावाचक के रूप में वृंदावन से पधारे श्री रामकृष्ण जी महाराज ने अपनी कथा वाचन से श्रोताओं के मन मोह लिया। छठे दिन की कथा समाप्ति के उपरांत आरती हुई। इस मौके पर यजमान के रूप में श्री भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजक ध्रुव चौरसिया और उनकी पत्नी सरिता चौरसिया थीं।

**श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आज :** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के 7वें दिन दोपहर साढ़े तीन बजे से कथा वाचन होगा। वृंदावन से पधारे कथा वाचक श्रीराम कृष्ण जी महाराज भगवान श्री कृष्णा और उनके प्रिय मित्र सुदामा की कथा से श्रोताओं को अवगत करायेंगे।

कथा सुनने पंडरा के थानेदार भी पहुंचे थे उन्हें वृंदावन से पधारे कथावाचक श्री रामकृष्ण जी महाराज ने माला पहनकर स्वागत किया। वहीं थानेदार ने भी परम पूज्य श्री रामकृष्ण जी महाराज को माला पहनकर स्वागत किया।

## खबर एक नजर में

### सिल्ली के पिस्का गांव की घटना पर प्रदेश कांग्रेस ने जताया शोक

**रांची।** सिल्ली प्रखंड के मुरी क्षेत्र स्थित पिस्का गांव में कुंआ धंसने से हुए हादसे में सात लोगों की आकस्मिक मृत्यु पर संवेदना प्रकट करते प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस हादसे से मन व्यथित हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दे। इस हादसे की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमिटी का गठन किया है, जिसमें पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कृषि विपणन पार्षद के चेयरमैन रवीन्द्र सिंह शामिल हैं। जांच कमिटी रांची स्थित रिम्स पहुंचकर मृतक के परिवारों से मुलाकात की और कहा कि इस दु:ख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी साथ है। जल्द से जल्द पोस्टमार्टम और सुविधाएं मुहैया कराने की रिम्स निदेशक को निर्देश दिया।

### झारखंड चैंबर कार्यकारिणी की बैठक आज वार्षिक चुनाव की तारीख की हो सकती है घोषणा

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को होना तय है। बैठक में मुख्य रूप से चैंबर चुनाव पर चर्चा की जायेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने बताया कि कार्यकारिणी बैठक में चुनाव की तारीखें घोषित की जायेगी। बैठक में चर्चा के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है। पिछले साल चैंबर चुनाव 11 सितंबर तक पूरा कर लिया गया था। जिसके बाद वर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री ने पदभार संभाला था। चैंबर चुनाव कुल ग्यारह कार्यकारिणी सदस्यों के लिए होती है। कोविड महामारी के बाद साल 2022 मे चैंबर चुनाव समय पर कराया गया। साल 2020 की महामारी के बाद से चैंबर चुनाव मे देर होते रही। वही, चैंबर सदस्यों ने चुनाव की तैयारी अपने स्तर से शुरू कर दी है।

## सीएमपीडीआइ ने अवैध खनन रोकने के लिए खनन प्रहरी एप लांच किया

**रांची।** सीएमपीडीआई ने भास्कराचार्य इंस्टीच्यूट ऑफ स्पेस एप्लीकेशन एंड जियो-इंफॉर्मेटिक्स (बीआईएसएजी),गांधी नगर के सहयोग से एप विकसित किया है। इस खनन प्रहरी नामक मोबाइल आधारित एप्लीकेशन के माध्यम से कोयला क्षेत्र की सीमाओं के अन्दर कोयले के अवैध खनन के खतरे को रोकने के लिए विकसित किया गया है। इस ऐप से नागरिक जियो-टैग की गयी तस्वीरों के माध्यम से अवैध खनन गतिविधियों को रिपोर्ट कर सकते हैं। मोबाइल एप्लीकेशन एंड्रॉइट ऐप स्टोर और ऐप्पल प्ले स्टोर दोनों पर उपलब्ध है। खनन प्रहरी अवैध कोयला खनन की जियो-टैग की गई तस्वीरें खींचने और उन्हें नेटवर्क क्षेत्र में अपलोड करने के लिए नो-मोबाइल नेटवर्क जोन में भी कारगर है। कोल माइन सर्वेलांस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल और खनन प्रहरी ऐप का नवीनतम उन्नत संस्करण क्रियाशील है। खनन प्रहरी ऐप के माध्यम से सिस्टम में पारदर्शिता बढ़ेगी।

## सीएमपीडीआइ ने एनएसएसएच मेगा कॉन्क्लेव का किया प्रतिनिधित्व



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई ने गुमला, झारखंड में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय एससी/ एसटी हब (एनएसएसएच) मेगा कॉन्क्लेव में भाग लिया। संस्थान के निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) एसके गोमास्ता और उनकी टीम ने इस मेगा कॉन्क्लेव में सीएमपीडीआई का प्रतिनिधित्व किया। भानु प्रताप सिंह वर्मा, माननीय राज्यमंत्री (एमएसएमई), भारत सरकार ने मेगा कॉन्क्लेव में सीएमपीडीआई के पैवेलियन का अवलोकन किया। इस मौके पर मंत्री महोदय को एससी एसटी विक्रेताओं और इसकी निविदाओं में भागीदारी बढ़ाने के लिए सीएमपीडीआई की पहल और एससी/एसटी उद्यमियों को संस्थान द्वारा हाल ही में दिए गए कुछ सेवा अनुबंधों के बारे में अवगत कराया गया। इस कॉन्क्लेव में सीएमपीडीआई द्वारा एक प्रस्तुतिकरण दी गयी जिसमें किसी भी सरकारी निविदा में एससी/एसटी उद्यमियों को मिलने वाली विशेष सुविधाओं पर प्रकाश डाला गया और टेंडरिंग प्रक्रिया के प्रमुख क्षेत्रों पर जोर दिया गया।

# लोस चुनाव में आसान नहीं होगी आइएनडीआइए की राह, तीन संसदीय सीटों पर जिच की आशंका!

**कुबेर सिंह**

**रांची।** आगामी लोस चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन में झारखंड की सीटों को लेकर राह आसान नहीं है। लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में शामिल सभी दल अपने-अपने दावे कर रहे हैं। 16 अगस्त को दिल्ली में कांग्रेस के आला नेताओं के साथ हुई बैठक में कांग्रेस ने अपनी रणनीति राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल मौजूद थे। झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने पिछली बार की तरह झारखंड की 14 में से 9 सीटों पर कांग्रेस के चुनाव लड़ने की बात कही जा रही है। हालांकि, आलमगीर आलम ने नौ सीटों पर चुनाव लड़ने की बात से इनकार किया है। यह भी कहा है कि 14 सीटों पर जीत हासिल करना गठबंधन का लक्ष्य है।

**गोड्डा और कोडरमा पर भी कांग्रेस का दावा :** 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने यूपीए गठबंधन के तहत सात सीटों पर चुनाव में अपना किस्मत आजमाया था। जेएमएम के हिस्से चार सीटें आई थीं। दो सीटें जेवीएम को दी गई थी। जबकि, राजद को सिर्फ एक सीट मिली थी। हालांकि राजद चतरा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और राजद के बीच दोस्ताना संघर्ष हुआ था। इस बार कांग्रेस ने सात के बजाय नौ सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही है। पिछली बार की सात सीटों के अलावा गोड्डा और कोडरमा पर भी उसका दावा है। कांग्रेस का मानना है कि जेवीएम की दो सीटें उसने अपने कोटे से छोड़ी थीं। इसलिए इन दोनों सीटों पर उसका दावा बनता है।

**सबसे ज्यादा जिच चाईबासा, चतरा और हजारीबाग सीट को लेकर :** कांग्रेस ने जिन नौ सीटों पर लड़ना तय किया है, उनमें पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, चतरा, धनबाद, रांची, लोहरदगा, हजारीबाग, गोड्डा और कोडरमा शामिल हैं। फिलहाल, इनमें से मात्र एक सीट सिंहभूम उसके कब्जे में है, जहां से गीता कोड़ा सांसद हैं। जमशेदपुर सीट पर पिछली बार झामुमो ने अपने प्रत्याशी उतारे थे। कांग्रेस के डॉ अजय कुमार की नजर भी इस सीट पर है। इस बार इंडिया गठबंधन में झारखंड की सीटों के बंटवारे को लेकर सबसे ज्यादा जिच चाईबासा, चतरा और हजारीबाग सीट को लेकर होने की चर्चा है।

**चाईबासा सीट पर झामुमो का दावा :** झामुमो ने चाईबासा सीट पर दावा ठोक रखा है। जेएमएम का तर्क है कि चाईबासा लोकसभा की विधानसभा सीटों में मात्र एक सीट को छोड़ बाकी पर झामुमो का कब्जा है। चाईबासा के विधायक दीपक बिरूआ इस बार सांसद कोटे से टिकट लेकर चुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन दुविधा यह है कि यह कांग्रेस की सीटिंग सीट है। ऐसे में यहां टकराव होना लाजिमी है।

**वाम दलों का हजारीबाग सीट पर है अपना दावा :** वहीं महागठबंधन में शामिल वाम दलों का हजारीबाग सीट पर अपना दावा है क्योंकि सीपीआई के भुनेश्वर मेहता वहां से 2004 में चुनाव जीत चुके हैं। पिछले चुनाव में यूपीए गठबंधन में वाम दल शामिल नहीं था। लेकिन इस बार इंडिया गठबंधन में वाम दलों को भी सीट देना गठबंधन की मजबूरी माना जा सकता है।

**चतरा सीट पर टकराव की आशंका :** चतरा तीसरी सीट है, जहां पर टकराव होने की आशंका है। इस सीट पर राजद चुनाव जीत चुका है और इसी आधार पर वह इसके लिए दावा करता है। पिछली बार कांग्रेस और राजद दोनों इस सीट पर लड़े। हालांकि दोनों को ही मुंह की खानी पड़ी और सीट भाजपा के खाते में चली गयी।

## चतरा की एसिड पीड़िता काजल ने सीएम हेमंत सोरेन से मांगा मृत्यु दान

**रांची।** चतरा जिले से दूसरा एकतरफा प्यार में जिस लड़की पर मनचलों ने घर में घुसकर तेजाब फेंका था, उसका इलाज एम्स दिल्ली में हो रहा है। उस लड़की ने सीएम से आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी। मदद नहीं मिलने के कारण उसने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मृत्यु दान मांगा है।

गौरतलब हो कि पांच अगस्त, 2022 में 17 वर्षीय नाबालिग युवती काजल जब अपने कमरे में सो रही थी तो घर की दीवार छलांग लगा कर संदीप नाम का एक मनचला युवक घर में घुस कर मां- बेटी के ऊपर तेजाब फेंक देता है। इससे काजल जल जाती है, उसे रिम्स में भर्ती कराया जाता है। लेकिन, स्थिति गंभीर होने पर उसे एयरलिफ्ट कर एम्स भेज दिया गया। एसिड अटैक में पीड़िता की एक आंख पूरी तरह से खराब हो चुकी है. इलाज की धीमी गति और बढ़ते इनफेक्शन से कहीं मरीज को मौत न हो जाए, इस बात से परिजन बहुत परेशान और निराश हैं।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की चिल्ड्रन पार्क में हुई शुरुआत

शहीदों की याद में किया गया पौधरोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के तहत शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत रांची में की गई। कार्यक्रम में रांची के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। मेरा माटी मेरा देश अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम की तरफ से मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रन पार्क में शहीदों की याद में पौधरोपण किया गया। इसके बाद शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते हुए उन्हें भविष्य में मदद करने का आश्वासन भी दिया गया।

कार्यक्रम में पहुंचीं शहीद राजेश कुमार की पत्नी ने बताया कि नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान वर्ष 2021 में उनके पति शहीद हो गए। जब वो शहीद हुए थे तो सरकार और राज्य के लोगों के द्वारा उन्हें सम्मान दिया गया था लेकिन धीरे-धीरे उनकी शहादत को लोग भूलने लगे। अब भारत सरकार के इस कार्यक्रम के माध्यम से एक बार फिर उनके पति को झारखंड से लेकर दिल्ली तक याद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनका पैतृक घर मुंगेर है और बिहार के मुंगेर से मिप्ती लाकर भारत सरकार को भेजा जा रहा है, जो निश्चित रूप से उन्हें गर्व महसूस कराता है। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे सेवानिवृत्ति सैनिकों ने कहा कि भारत सरकार के यह कार्यक्रम निश्चित रूप से देश के लिए काम कर रहे सैनिकों के मनोबल को बढ़ाता है।

नगर निगम के पदाधिकारी डॉ. किरण कुमारी ने कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निदेर्शानुसार यह कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत चिल्ड्रन पार्क के अंदर अमृत वाटिका का निर्माण भी किया जा रहा है। जहां शहीदों के परिजनों के द्वारा सैकड़ों पौधे लगाए गए हैं। इसी के साथ अमृत कलश में वीरों के मिप्ती को दिल्ली भेजा जा रहा है। जहां सभी राज्यों से मिप्ती को मिलाकर दिल्ली में विशाल स्मारक बनाया जाएगा।

डॉ. किरण ने बताया कि निगम की तरफ से यह कार्यक्रम 30 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ को अनोखे तरीके से मानने के लिए इस अभियान की शुरूआत की गयी है। जिसके अंतर्गत देश भर से करीब 7500 अमृत कलश में मिप्ती भर के दिल्ली ले जाया जाएगा। राज्य भर से जमा किए गए मिप्ती से वीर शहीदों की याद में देश की राजधानी दिल्ली में अमृत वाटिका बनाई जाएगी। मालूम हो कि पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 103वें संस्करण में मेरी माटी मेरे देश कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के लिए शहीद होने वाले वीर नायकों को यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## तीन अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे, देसी कारबाइन बरामद

**खूंटी।** खूंटी में हाल के दिनों में फायरिंग ओर लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले तीन अपराधी को उस वक्त गिरफ्तार किया है, जब सभी अपराधी घटना को अंजाम देने के फिराक में जुटे थे। गिरफ्तार आरोपी में सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के अमनददिरी निवासी सहदेव सिंह मुंडा उर्फ गालू, खूंटी जिले अड़की थाना क्षेत्र के जोवला मुसूडीह निवासी रमन प्रताप बगती उर्फ मोटू ओर सूर्यदेव मुखा उर्फ सूर्या का नाम शामिल है। सहदेव सिंह मुंडा उर्फ गालू के पास से एक लोहे का बना देशी कार्बाइन हथियार एवं 15,000 पंद्रह हजार नकद, रमन प्रताप बगती उर्फ मोटू के पास से एक लोहे का बना देशी पिस्टल, एक जिंदा गोली ओर पांच हजार नकद, सूर्यदेव गुंडा उर्फ सूर्या के पास से छह हजार नकद, आरुई के निशानदेही पर अड़की थाना क्षेत्र में लूटे गये 28000 नकद, एक बाइक बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार अड़की थाना क्षेत्र स्थित जारंगा घाटी गांव के पास से तीन व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। तीनों को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया ये लोग अपराध की नियत से एकत्रित हुए हैं। आरोपी ने 4 अगस्त को ढोरेया बाजार से घर लौटने के क्रम में बादल साहू नामक व्यापारी से 2.30 लाख रुपया लूटने और पुरनानगर के पास ग्रामीणों द्वारा रोके जाने पर गोली चलाकर एक व्यक्ति को घायल करने की बात स्वीकार की।

## सरकारी सेवकों की सेवानिवृत्ति उम्र सीमा 62 वर्ष करने की मांग

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से राज्य के सरकारी सेवकों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकारी सेवकों की संख्या दिन प्रतिदिन कम हो रही है, उसे बनाए रखने के लिए सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करना राज्य और कर्मियों के हित में होगा। महासंघ के कार्यकारी राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने कहा कि राज्य के सरकारी सेवकों राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 62 वर्ष होने से राज्य कर्मी दुगने उत्साह से कार्य कर सकेंगे।

# सदर अस्पताल में 0-5 वर्ष के मूक-बधिर बच्चों के लिए नि:शुल्क शिविर आज

कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए की जायेगी स्क्रीनिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** 19 अगस्त को रांची के सदर अस्पताल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत मूक बधिरता निवारण हेतु विशेष कैंप लगेगा। इसमें 0-5 वर्ष के मूक- बधिर बच्चों का निःशुल्क शिविर लगाकर काक्लियर इम्प्लांट सर्जरी हेतु स्क्रीनिंग किया जायेगा। शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक तय है। इस शिविर में लगभग 0 से 5 वर्ष तक के तकरीबन 100 बच्चों का स्क्रीनिंग किया जाना है। कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी हेतु जातिप्रमाण पत्र, आय प्रमाणपत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र, 2 फोटो, विकलांगता प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड इत्यादि जरुरी दस्तावेज जमा करना होगा।

शिविर की जानकारी देते हुए आरबीएसके के नोडल अधिकारी ने बताया कि मूक-बधिर श्रेणी में वह बच्चे आते हैं जो बोलने और सुनने में असमर्थ होते हैं। जिन बच्चों में ऐसी समस्या है,वह अपना पंजीकरण सदर अस्पताल रांची केडीआईसी विभाग में करा सकते हैं।

## मोबाइल फोन से फोटो खींचो प्रतियोगिता आज

**रांची।** 19 अगस्त को विश्व छायांकन दिवस के अवसर पर मारवाड़ी कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए मोबाइल फोन से फोटो खींचो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म मेकिंग विभाग में लगभग 50 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अपना अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। आज सभी निबंधित विद्यार्थियों को 9:30 बजे सुबह विभाग में अपनी उपस्थिति होंगे। उन्हें इस प्रतियोगिता के सभी नियमों को बताते हुए एक थीम दी जायेगी और उसी थीम पर उन्हें अपने मोबाइल फोन से 3 फोटो क्लिक करने होंगे और निर्धारित समय सीमा के भीतर डिजिटल



फोटोग्राफी एवं फिल्म मेकिंग विभाग में तीनों के साफ्टकॉपी ट्रांस्फर करने होंगे।

मारवाड़ी कॉलेज डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण विभाग के कोर्स डायरेक्टर डॉ सुशील कुमार अंकन ने बताया कि फोटोग्राफ्स को फोटोग्राफी के विशेषज्ञों के द्वारा परीक्षण के बाद एक सप्ताह के भीतर परिणाम घोषित किए जायेंगे। विजयी प्रतिभागियों को विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

# फेडरेशन ऑफ मुस्लिम वीमेन आयोजित करेगा हुनर एग्जीबिशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** फेड्रेशन ऑफ मुस्लिम वूमेन के द्वारा हुनर 2023 का आयोजन अंजुमन प्लाजा हॉल में 20 अगस्त को किया जाएगा। सुबह 10:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक लगेगा। यह जानकारी शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए फेड्रेशन ऑफ मुस्लिम ऑफ वूमेन डायरेक्टर खुशबू खान ने दी। मौके पर खुशबू खान ने कहा कि रांची में पहली बार हुनर 2023 एग्जीबिशन मुस्लिम महिलाओं के द्वारा लगाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य मुस्लिम महिला उद्यमियों को




एक ऐसा प्लेटफॉर्म देना है जिसे वह महिलाएं को बाजार मिल पाए और उद्यमियों को सरकार की सारी स्कीमों की जानकारी एक जगह उपलब्ध हो पाए। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिला उद्यमियों के स्टार्टअप के कई सामान जैसे डिजाइनर सूट, नकाब, नाइट सूट, ज्वेलरी, मेकअप प्रोडक्ट, मेहंदी स्टॉल, खिलौना, गेम स्टॉल, फूड स्टॉल समेत कई प्रसिद्ध ब्रांड्स के भी स्टाल लगेंगे। एग्जीबिशन में कुल 28 स्टाल लगाए जा रहे हैं। आम ग्राहकों के लिए एंट्री फीस निशुल्क है। इस मौके पर सबीहा हसन, शहला जबीं, निखत कौसर वारसी, बावला शेखर और शबाना मौजूद थी।

## आइटीबीपी परिसर में एलएनटी ने लगाये 10 हजार पौधे



**रांची।** जुडको की सहयोगी एजेंसी एलएनटी द्वारा सीएसआर के तहत और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए शुक्रवार को भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) में 10 हजार पौधा लगाया गया। इस कार्य में स्कूली बच्चों और आइटीबीपी के जवानों ने विशेष सहयोग किया। आइटीबीपी के अधिकारियों एवं जवानों ने पौधारोपण के बाद एनएलटी के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि एजेंसी न सिर्फ राजधानी में पेयजलापूर्ति के कार्यों को बखूबी से संचालन कर रही है बल्कि पौधारोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा का भी कार्य कर रही है।

# झारखंड प्रदेश तेली समाज का अधिवेशन 27 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन 27 अगस्त को रांची में होगा। सुबह 11 बजे से आयोजित अधिवेशन में झारखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों का जुटान होगा। इसके अलावा अधिवेशन में नेपाल से तेली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप साहू, प्रतापगढ़ यूपी के सांसद संगम लाल गुप्ता, फिल्म निर्देशक निरंजन भारती की उपस्थिति होगी। यह जानकारी झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साहू ने शुक्रवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में मुख्य रूप से एक समाज श्रेष्ठ समाज का निर्माण पर विचार विमर्श किया





जायेगा। सामाजिक और राजनितिक क्षेत्र में तेली समाज की उपेक्षा जिस तरह से खास कर इस झारखंड प्रदेश में रहा है, इस मुद्दे पर अधिवेशन में चर्चा होगी।

झारखंड प्रदेश में समाज के बच्चों को शिक्षित करने पर भी बातचीत करेंगे। हम सभी दानवीर भामाशाह के वशंज हैं। हमारे खून में ही दान और सेवाभाव है। यही तेली जाति का लक्ष्य रहा है हमारा समाज शुरू से ही जन सेवा के लिए जाना जाता है, इसके बावजूद तेली समाज के लोगों को सरकार के द्वारा रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में उपेक्षित रखा गया। प्रेस वार्ता में झारखंड प्रदेश तेली समाज के संरक्षक रिपु सुदन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश्वर साहु, प्रधान महासचिव प्रकश साहु समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आदिवासी जन परिषद के सदस्य छत्तीसगढ़ रवाना

**रांची।** आदिवासी जन परिषद का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को प्रेम शाही मुंडा, सावना मुंडा, सिदाम सिंह मुंडा,एम आर मांझी, उमेश लोहरा लोकमान्य तिलक ट्रैन से हटिया स्टेशन से रायपुर के लिए रवाना हुए। ज्ञात हो की दिनांक 19/8/2023 को राष्ट्रीय आदिवासी सम्न्वय समिति के तत्वाधान में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के विरोध में रायपुर छत्तीसगढ़ में आहूत की गई है। इस बैठक में देश के सभी प्रदेशों के आदिवासी अगुवा शामिल होंगे। इस बैठक में देश में हो रहे आदिवासियों पर चौतरफा हमला, आदिवासियों के धर्म कोड एवं संवैधानिक अधिकार, मणिपुर मे शांति बहाल पर भी मंथन की जाएगी। साथ ही दिनांक 20/8/2023 को अखिल भारतीय



आदिवासी धर्म परिषद का राष्ट्रीय संगोष्ठी आदिवासियों पर चौतरफा हमले के बिषय मे जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) मे लोहारा भवन मे आहूत की गई है। इस दौरान आदिवासी समन्वय समिति के आयोजक सह अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि आज के समय में देश में आदिवासियों पर हमला बढ़ा है और यह चिंता का विषय है, देश में आदिवासियों को समाप्त करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। इस लिए आदिवासी समाज को संगठित हो कर संघर्ष तेज करना होगा।

## खबर एक नजर में

### निर्मला बहन ने राखी बांधकर दिया पवित्रता का संदेश



**रांची।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरी बगान हरमू रोड की केन्द्र संचालिका ब्रम्हाकुमारी निर्मला बहन ने शुक्रवार को दीपक कुमार दुबे, एसडीओ को राखी बांधकर पवित्रता का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संदेश में कहा मनुष्य सर्व समर्थ नहीं जब धरती पर बुराईयों का साम्राज्य हो जाता है तब करूणासिन्धु परमात्मा मनुष्य को मायावी बंधनों से मुक्त करके ईश्वरीय मयार्दा के रक्षासूत्र में बाँधते हैं। राखी के रेशमी धागे रुपए दो रुपए की चीज न होकर मानव में पवित्रता की धारणा कराने वाले अमूल्य उपहार है। राखी की पुण्य प्रदायक भावना विश्व को स्वर्ग बना सकती है। विकारों से रक्षा करने हेतु राखी बंधन की परम्परा वर्तमान संगन समय ही शुरू की गई थी।

### अंकिता सिन्हा ने चेशायर होम में दिव्यांगों के साथ मनाया जन्मदिन



**रांची।** जमशेदपुर शहर की ख्याति प्राप्त कवयित्री अंकिता सिन्हा ने अपना जन्मदिन सुंदर नगर स्थित चेशायर होम में दिव्यांगों के साथ मना कर खुशियां बांटी। दिव्यांगों के साथ केक कटिंग की और फल वितरण किया। इस अवसर पर चेशायर होम की प्रभारी डेजी मैडम ने अंकित सिन्हा के लिए दिव्यांगों के साथ प्रार्थना की और आशीर्वाद दिया।

**तुलसी भवन में अंकिता सिन्हा को मिला सम्मान**

वहीं दूसरी तरफ तुलसी भवन के मानस महासचिव प्रसनजीत तिवारी ने अंकिता के जन्मदिन पर शॉल बुके और श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने अंकिता सिन्हा को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में वेबीनार का आयोजन



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के द्वारा शुक्रवार को द बेनिफिट्स, चैलेंजेज एंड अपॉर्चुनिटी ऑफ ए को-ऑपरेटिव ऐंड इंटरनेशनल लॉ डिग्री शिक्षक पर वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि यूरोपियन लॉ स्कूल, मास्त्रिचट यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड के प्रोफेसर सहाय दास गुरु ने अपना व्याख्यान दिया। उक्त वेबीनार में विश्वविद्यालय के फैकेल्टी आफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक के द्वारा डिपार्टमेंट ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के द्वारा वेबीनार का आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी। बेबीनार का संचालन वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ आरोही आनंद ने किया। विधि विभाग की सहायक प्राध्यापिका कोमल कुमार गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजन में डीएसडब्ल्यू डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ नीतू सिंघी, डॉ आर के सिंह, डॉ राजीव रंजन एवं दिलीप महतो,डॉ रश्मि सहाय आदि की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार प्रो अमित गुप्ता, कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ पूजा प्रेरणा, ओएसडी अनुभव अंकित आदि उपस्थित थे।

# वैराग्य की ऐसी लगन हो, घर परिवार छोड़ अध्यात्म की राह पर चलें दीक्षार्थी : सागर जी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झुमरी तिलैया में परम पूज्य चर्या शिरोमणि मुनि श्री 108 विशुद्धसागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य जैन संत मुनि श्री 108 सुयेश सागर जी महाराज का चातुर्मास झुमरी तिलैया में हो रहा है। इसी कड़ी में परम पूज्य आचार्य श्री 108 विभव सागर जी महाराज आगामी 26 अक्टूबर को छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश शहर में 6 दीक्षा हो रहा गुरु के आशीर्वाद से अनुमति से गुरु के अनुमति मिलने के बाद सभी दीक्षार्थी सभी जैन संतों के चरणों में जाकर दर्शन कर रहे हैं एवं उनका समाज की ओर से गोद भराई और बिंदोरी का कार्यक्रम हो रहा है। धर्म नगरी कोडरमा के जैन भवन में मुनि श्री के मुखारविंद से होने वाले णमोकार चालीसा में इन सभी दीक्षार्थियों का गोद भराई



कार्यक्रम हुआ सर्वप्रथम समाज के सभी पदाधिकारी चातुर्मास कमेटी के संयोजक लोग के साथ पूरे समाज के लोगों ने गोद भराई कार्यक्रम किया। इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि उस शहर का बहुत सौभाग्य होता है जहाँ दीक्षा के पहले दीक्षार्थी का गोद भराई कार्यक्रम होता है। वैराग्य की ऐसी लगन घर परिवार छोड़ अध्यात्म की राह पर चलें दीक्षार्थी। कार्यक्रम में समाज के मंत्री ललित सेठी,जैन नरेंद झांझरी के साथ समाज के सेकड़ो लोग उपस्थित थे।

## नवाचार एवं अन्वेषण वर्तमान सदी में प्रासंगिक : प्राचार्य मिश्रा

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की कक्षा नौ से लेकर कक्षा 11वीं तक के बच्चों ने शुक्रवार को बीआईटी मेसरा का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्राध्यापक सी जगरनाथन ने बीआईटी मेसरा के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ अशोक शरण ने नैनो टेक्नोलॉजी की महत्ता पर बच्चों के बीच में तकनीकी रूप से प्रकाश डाला। मालूम हो कि बच्चों ने रॉकेट निर्माण टेक्नोलॉजी का विस्तार पूर्वक अध्ययन किया। बच्चों ने टेक्नोलॉजी, लिक्विड प्रोपलजन टेक्नोलॉजी, कम्बसन लैब इत्यादि का भी भ्रमण किया। प्राचार्य एसके मिश्रा ने इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण से विद्यार्थियों में ज्ञान-विज्ञान के प्रति जिज्ञाषा उत्पन्न होती है। विद्यालय की ओर से मेंटर के रूप में अजंता कुमारी एवं प्रीतम सरकार बच्चों के साथ थे।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत



**रांची।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को नगर निगम पार्क में मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरूआत की गयी। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद वीरों के नाम शिलापट् पर उदृत किए गये शिलापट का अनावरण शहीदों के परिजनों के हाथों किया गया। जिसमें निम्म नाम सम्मिलित किये गये हैं। वीर स्वतंत्रता सेनानी में स्व रामेश्वर प्रसाद,स्व विष्णु प्रसाद सिंह,स्व नंद किशोर भगत,स्व बलभद्र झा,स्व अनिरूद्ध महतो,स्व मोती लाल सिंह अमेठिया और स्व राम रक्षा सिंह वहीं वीर शहीद के नाम इस प्रकार है। शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल संकल्प शुक्ला,शहीद डिप्टी कमांडेट राजेश कुमार,शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला,शहीद असिटेंट कमांडेट शांति भूषण तिर्की,शहीद सुबेदार दूनी उरांव और शहीद नायब सुबेदार नागेश्वर महतो, शहीद हबलदार प्रभु सहाय तिर्की, शहीद सिपाही नाईमन कुजूर के नाम अंकित किये गये हैं।

# नक्सलियों का गुरिल्ला वार, गढ़ बचाने की जंग में रक्तरंजित हो रहा है कोल्हान!

- दस महीने से चल रहे इस ऑपरेशन में पुलिस को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा है
- कोल्हान में अभी भी 60 से 70 की संख्या में नक्सली मौजूद हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के कोल्हान के बीहड़ों में पुलिस और नक्सलियों के बीच हो रहे गुरिल्ला वार, नक्सलियों का गढ़ बचाने की जंग में कोल्हान रक्तरंजित हो रहा है। पुलिस और नक्सलियों की जंग में जहां एक ओर पुलिस को नुकसान उठाना पड़ा है, वहीं निर्दोष ग्रामीणों को भी जान गंवाना पड़ा है। सूचना के मुताबिक, नक्सली किसी भी हाल में अपने सबसे मजबूत और आखिरी गढ़ हाथ से जाना नहीं देना चाहते। दूसरी तरफ झारखंड पुलिस हर हाल में कोल्हान में भी बूढ़ापहाड़ जैसी सफलता दोहराने के लिए मजबूती से ऑपरेशन में जुटी हुई है। दस महीने से चल रहे इस ऑपरेशन में पुलिस को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

**नक्सलियों के दर्जनों कैंप हुए हैं नष्ट**

पुलिस के जांबाज सिपाहियों ने जान की परवाह न करते हुए दर्जनों बंकरों और कैंप को धराशायी किया है। उनके हथियार और गोला बारूद पर भी पुलिस के द्वारा बड़ा प्रहार किया गया है। लेकिन पिछले 10 महीने से कोल्हान में नक्सलियों का एक बड़ा दस्ता अभी पुलिस से गुरिल्ला लड़ाई लड़ रहा है। इस लड़ाई में न सिर्फ झारखंड पुलिस के जवानों को बल्कि ग्रामीणों को भी अपनी जान गंवा रहे हैं।

**60 से ज्यादा नक्सली, अधिकांश हैं इनामी**

कोल्हान में नक्सलियों के शीर्ष नेता ने पनाह ले रखी है। बूढ़ापहाड़ के बाद कोल्हान ही एक मात्र जगह है, जिसे नक्सलियों ने अपने मुख्यालय के रूप में स्थापित किया था। मुख्यालय होने के नाते यहां एक करोड़ के इनामी नक्सली नेताओं का भी बसेरा है। जानकारी के अनुसार सारंडा में एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा, अनमोल दा, टेक विश्वनाथ उर्फ संतोष, मोचु, चमन, कंडे, अजय महतो, सागेन अंगारिया और अश्विन जैसे खतरनाक नक्सली कमांडर मौजूद हैं। इनके पास 60 से ज्यादा लड़ाके हैं जो गुरिल्ला युद्ध में माहिर हैं।

**हर दिन जगह बदल रहे नक्सली**

कोल्हान में मचे घमासान बीच एक सप्ताह में ही तीन जवानों की शहादत के बाद पुलिस मुख्यालय सकते में है। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि भारी बरसात की वजह से अभियान मुश्किलों से भरा है। सुरक्षा बलों के अभियान की वजह से नक्सली भी अब लगातार अपनी जगह बदल रहे हैं। नक्सली लगभग हर दिन ही अपना स्थान बदल रहे हैं। पुलिस से बचने के लिए कोल्हान के बीहड़ों में नक्सली छोटे छोटे ग्रुप में बंटकर जंगल मे छुपने की जुगत में लगे हुए हैं। कोल्हान में अभी भी 60 से 70 की संख्या में नक्सली मौजूद हैं।

**20 जवान हुए जख्मी, 12 ग्रामीणों की हुई मौत**

नवंबर 2022 से लेकर अब तक 20 सुरक्षा बल कोल्हान में आईईडी बमों के विस्फोट और फायरिंग की वजह से घायल हुए हैं। 209 कोबरा बटालियन के इंस्पेक्टर प्रभाकर साहनी, हवलदार अलख दास, मुकेश कुमार सिंह, अजय लिंडा, भरत सिंह राय, फारुकी शाहरुख खान, वीरपाल सिंह, प्रिंस सिंह, अमरेश सिंह, सौरभ कुमार, संतोष और चिरंजीव पात्रे विस्फोट में घायल हो चुके हैं। सभी को आनन-फानन में एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था अधिकांश जवान चोट से उबर चुके हैं। लेकिन कई अभी भी अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे हैं। उधर, नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी बम विस्फोट की वजह से अब तक 12 ग्रामीण अपनी जान गंवा चुके हैं जबकि कई अपंग हो चुके हैं।

स्पीड न्यूज

## विधायक के प्रयास से दुलमी गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर



**राहे।** प्रखंड के दुलमी गांव 15 दिनों से अंधेरा में था। गांव का मुख्य ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था। इस ट्रांसफॉर्मर से 65 उपभोक्ता बिजली का उपयोग करते है। ग्रामीणों ने विधायक सुदेश महतो को समस्या बतायी। उन्होंने तुरंत पहल करते हुये ग्रामीणों को ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराये। शुक्रवार को आजसू राहे अध्यक्ष रंगबहादुर महतो ने फीता काटकर विधिवत स्विच ऑन कर ट्रांसफॉर्मर को चालू किये। मौके पर हलधर पांडेय, पाण्डेय, विद्याधर पांडेय, अमूल्य मेहता, जितमोहन मेहता, दिलीप मेहता, अरुण मेहता, राजकिशोर मेहता, नरेश मेहता, बीरेंद्र मेहता, बिजली मिस्त्री राजेंद्र महतो, धीरेन्द्र मेहता, मृतुन्जय मेहता, सुखरंजन मेहता मौजूद थे।

## हल्दीबेड़ा गांव में एसएसबी के जवानों ने किया पौधरोपण

**राहे।** प्रखंड के सताकी स्थित एसएसबी 26 वी बटालियन ए कंपनी के जवानों ने कंपनी कमांडर मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में पंचायत के मुखिया पांडु राम मुंडा के उपस्थिति में गांव के खाली पड़े जगहों में पौधरोपण किया। इस दौरान ग्रामीण, स्कूली बच्चे और एसएसबी के जवान मौजूद थे।

## मन्नतें पूरी होने पर युवक-युवतियों ने बेध लिया जीभ

**राहे।** प्रखंड में दो दिवसीय माता मनसा पूजा की पूजा विधि विधान से शुक्रवार को सम्पन्न हो गया है। माता मनसा के भक्त और श्रद्धालुओं ने राहे बड़ा तालाब से झापन का उठाव किया ।इस दौरान युवक ओर युवतियो ने जीभ बेध कर तालाब से पूजा स्थल तक भक्तिमय होकर गये। मान्यता है कि मन्नत पूरी होने पर घर के सदस्य जीभ बेधन करते है। राहे . गोमदा के नीचे टोली में दो जगहों पर माता मनसा की प्रतिमा स्थापित किया गया। दो दिन झापन उठाव के बाद लोगों ने विधान के पूजन किया।

## पूर्व विधायक ने मिट्टी कार्यक्रम में लिया हिस्सा, जताया शोक

**बेड़ो।** मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने शुक्रवार को प्रखंड के नारी गांव में भाजपा कार्यकर्ता मंगरा उरांव के भतीजी साक्षी उरांव की लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को निधन हो गया ।जिसकी जानकारी मिलने के बाद पूर्व विधायक मृतक के मिट्टी कार्यक्रम में शामिल हुई और कार्यकर्ता के परिवार व स्वजनों से मिली और अपनी संवेदना व्यक्त की। और आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते स्वजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार वालों को आश्वस्त किया कि इस दुख की घड़ी में मैं आपके परिवार के साथ खड़ी हूं। मौके पर राजीव रंजन अधिकारी, आलोक मिश्रा बलराम सिंह, आनंद साहू मौजूद थे।

## झामुमो प्रखंड समिति की बैठक आज

**कांके।** आज झामुमो रांची जिला उपाध्यक्ष सह कांके प्रखंड प्रभारी जनक नायक के बुकरू कार्यालय में झामुमो कांके प्रखंड समिति का एक आवश्यक बैठक रखा गया है। बैठक का उद्देश्य पंचायत समिति गठन की समीक्षा झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जनता तक ज्यादा से ज्यादा लाभ कैसे दिलाया जाए। इस संबंध में विचार विमर्श के साथ .साथ 2024 चुनाव में कांके विधानसभा से झामुमो का प्रत्याशी हो इसकी केंद्रीय कमेटी से मांग के संबंध में कार्यकताओं से विचार विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी ने दी है।

# विकास से बीआइटी तक काट डाले दर्जनों पेड़

**सड़क चैड़ीकरण को लेकर कट रहे पेड़ ग्रामीणों में निराशा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमाझी।** एनएच-20 रांची रामगढ़ मार्ग में विकास से बीआईटी मोड़ तक दर्जनो बड़े-बड़े पेड़ काट दिए जाने से स्थानीय लोगों द्वारा निराषा जताया जा रहा है। बताया गया कि विकास स्थित रिंग रोड से रांची जाने वाली मार्ग का सड़क चैड़ीकरण होना है। जिसे लेकर कंपनी द्वारा लगभग एक माह से पेड़ों की लगातार कटाई की जा रही। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे की उन पेड़ों को भी काट दिया गया जो वर्षो से लोगों का छाया देती थी। वहीं पिपल व बरगद के उन पेड़ों को भी काटे गए, जिसपर लोग पूजा करते थे। आजसू जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य संजय कुमार, समाज सेवी रामलखन महतो, राधाचरण सिंह, सुरेश सिंह, कामेश्वर महतो, प्रीतम लोहरा, बचन उरांव सहित कई लोगों ने पेड़ों को कटने पर अफसोस जताया और कहा अब ऐसे नस्ल के पेड़ लगना मुश्किल है। आजकल जो पौधे लगते हैं उससे इतना बड़ा पेड़ तैयार ही नही होता। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण महत्वपूर्ण है, लेकिन इन पेड़ों को बचाकर भी सड़क चैड़िकरण कार्य किया जा सकता था। जितने पेड़ काटे जा रहे उसके बदले में पेड़ लगाना है, लेकिन पौधे लगा कर छोड़ दिया जाता है। बताया गया कि क्षेत्र की महिलाएं व स्कूल जाने वाले बच्चों द्वारा भी इन पेड़ों के कटने पर अफसोस जताए जा रहा हैं।



विकास के निकट काटा गया बरगद का पेड़।

# पत्नी के परिजनों ने पति को खूब पीटा, चली गयी जान

**● पति ने पीटकर पत्नी की हत्या कर दी थी और आत्महत्या का दिया जा रहा था रूप**


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** प्रखंड के सोपारोम नेवारटोली में गुरुवार रात पति ने पत्नी को पीट कर मार डाला और आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। वहीं पत्नी के परिजनों ने पति को इतना पीटा कि इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी भी मौत हो गयी। बताया जाता है एक वर्ष पूर्व नेवारटोली निवासी सूरज उरांव की शादी मांडर थाना के कनभिठा के रहने वाली कुंवारी केरकेट्टा से हुई थी। दोनो दंपति का जिन्दगी ठीकठाक गुजर रहा था। इस बीच कुंवारी गर्भवती हो गई और डिलिवरी का लास्ट स्टेज में था। गुरुवार रात को किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी और बात बढ़ते बढ़ते इतना बढ़ गया कि नशे की हालत में सूरज ने अपनी पत्नी को मारा और वह वहीं मार गई। मरने के बाद उसी का दुपट्टा से छत में लगा कर लकड़ी में लटका दिया और आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। इस बात की खबर मिलते ही लड़की के परिजन शुक्रवार को पहुंचे और सूरज को बेरहमी से पिट दिए। बात बढ़ता देख ग्रामीणों ने पुलिस को खबर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और घायल सूरज को इलाज के लिए मांडर स्थित रेफरल हॉस्पिटल पहुंचाया जहां इलाज दौरान उसका मौत हो गयी। खबर लिखे जाने तक दोनों शव को पोस्मार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया दोनों पक्षों से फर्द बयान लेकर मामले की छानबीन की जा रही है।

# बेड़ो : चट्टी में सड़क दुर्घटना में तीन घायल







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** लोहरदगा बेड़ो पथ पर लोहरदगा जिला सह भंडरा थाना क्षेत्र के चट्टी स्थित बजरंगबली मंदिर के पास अचानक एक कुत्ता के अगला चक्का पर आ जाने से एक अज्ञात ऑटो असंतुलित होकर पलट गया। जिससे एक करीब तीन साल का एक बच्चा समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे की है ।घायलों में भण्डरा थाना क्षेत्र के हाटी कुंबाटोली गांव निवासी सरजु मुंडा का करीब तीन वर्षीय पुत्र राम मुंडा तुको ढंवठाटोली बेड़ो निवासी एक युवक सुभाष मिंज और भण्डरा थाना क्षेत्र के लालभिठा गांव निवासी एक महिला वाणी देवी का नाम शामिल है। घटना के संदर्भ में घायल महिला के पुत्र लालभिठा निवासी शनि उरांव और सघनु उरांव ने बताया कि उनकी मां वाणी देवी, जीजा सुभाष मिंज और साला तीन वर्षीय राम मुंडा ऑटो पर सवार होकर बेड़ो की ओर आ रहे थे। इसी बीच चट्टी स्थित बजरंगबली मंदिर के पास अचानक एक कुत्ता ऑटो के अगला चक्का पर जा चढ़ा। जिससे ऑटो असंतुलित होकर पलट गया। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने आनन.फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा राजीव रंजन ने घायलों का उपचार किया। साथ ही प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर रूप से घायल बच्चा राम मुंडा को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

# शिक्षाविद राम नरेश शर्मा के निधन पर लगाया गया पौधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** बुकबुका पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में प्रधानाचार्य रंथु साहु के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि बीते रात्री में शिक्षाविद आदर्श गुरु राम नरेश शर्मा का देहांत हो गया। दुःखद घटना में विद्यालय परिसर पर शोक सभा करते हुए प्रधानाचार्य सहित बच्चे,शिक्षक शत शत नमन करते हुए इनकी दिवगंत पवित्र आत्मा को ईश्वर द्वारा शांति और मोक्ष प्रदान करने हेतु उपस्थित सभी बच्चों के बीच 2 मिनट का मौन रखा गया। बताना चाहते है कि पूर्व में ए सी सी स्कूल खलारी में पढ़ा चुके हैं यह अपनी ज्ञान जो समाज में बाटें हैं हमेशा याद रहेगा। शिक्षक के याद में विद्यालय परिसर में 20 आम के पौधे लगाये गये और सभी बच्चे आम के पौधे को संरक्षण करने हेतु संकल्प भी लिये। इस प्रार्थना शोक सभा को सफल करने में विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहु और अरुणा उरांव व बाल संसद मंत्रियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# फूलो-झानो जन आशीर्वाद योजना के लाभुकों से मिलीं वंदना डाडेल

**कांके।** मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल फूलो झानों जन आशीर्वाद योजना के महिला लाभुकों से मिलकर इस योजना का हाल जाना और लाभुकों से सीधे बातचीत कर उनकी आर्थिक स्थिति में हो रहे सुधार के बारे में जानकारी प्राप्त की। सर्वप्रथम प्रधान सचिव गागी पंचायत सचिवालय पहुंची और फूलो झानो योजना से लाभान्वित कुल 13 लाभुकों से बात की। आधान सचिव को महिलाओं ने बताया कि पूर्व में सभी महिला स्थानीय हाट बाजारों में हड़िया दारू बेचती थी। जेएसएलपीए के माध्यम से सभी महिला ग्रुप में जुड़ी और फूलो झानो जन आशीर्वाद योजना से लाभान्वित हुई।अब सभी हड़िया दारू बेचना छोड़कर छोटा मोटा व्यापार कर रही है। जिसमे कुछ महिला सब्जी मुर्गा दुकान राशन दुकान सूअर पालन आदि का व्यापार कर रही है। जिसपर प्रधान सचिव ने प्रसन्नता जाहिर की साथ ही उन्होंने कहा अब भी बहुत सारी महिला जो इस कारोबार में है उन्हे योजना की जानकारी तथा प्रोसाहित कर योजना से जोड़े व सम्मानजनक कार्य हेतु जागरूक करे। मौके पर उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी शिलवंत कुमार भट्ट मौजूद थे।

# श्रावण शुक्ल पक्ष में भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज के रिफैक्ट्री मैदान स्थित हनुमान मंदिर पर गुरुवार के दिन यज्ञ, श्रीसत्यनारायण कथा व कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रीसत्यनारायण कथा व कीर्तन का आयोजन विहिप के सदस्य पंकज सिंह ने किया। हनुमान मंदिर परिसर में सुबह 10 से लेकर शाम छह बजे तक का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के पुरोहित सुशांत पाठक के द्वारा यज्ञ व श्रीसत्यनारायण कथा पूरे पाठ मंत्रोचारण कर किया। हवन पूजन के बाद महाआरती की गयी। पुरोहित सुशांत पाठक ने भक्तों को सनातन धर्म की महत्ता, मंदिरों के निर्माण आदि विधि से भक्तों को अवगत कराया। तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। वही मंदिर परिसर में कीर्तन विहिप खलारी मंडली के मुकेश यादव व संजीत सिंह व ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदुत्व को जगाना व मठ-मंदिरों के तरफ ग्रामीणों का आकर्षण करना, और हिंदुत्व को जगाना है। पूजन कार्य को सफल बनाने में जितेन्द्रनाथ पांडेय, अमित गुप्ता, प्रियांशु कुमार, पंकज साहू, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, करण कुमार, सुनील कुमार, आयुष कुमार, अमित कुमार, आकाश, उज्ज्वल कुमार, अनिकेत कुमार, दिलीप लोहरा, उदय लोहरा, चिंतामणि देवी, आशा देवी, पारो देवी, साधना देवी, संगीता देवी, खुशी कुमारी ने योगदान दिया।

एक नजर में

## ओरमांझी में मां मनसा देवी की पूजा



**ओरमांझी।** क्षेत्र के ओरमांझी गांव में प्रतिमा स्थापित कर मां मनसा देवी की पूजा धूमधाम से किया गया। बताया गया कि गांव के चंद्रकेष लहेरी के घर में वर्षो से मनसा पूजा होता आ रहा है। जहां स्थापित मां मनसा देवी की पूजा करने गांव के लोग पहुंचते हैं। वहीं चंद्रकेश लहेरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 17 अगस्त को मनसा मां की पूजा होती थी। इस वर्ष दो श्रावण माह पड़ने के कारण एक दिन बाद 18 अगस्त को पूजा की गई है। रातभर चली पूजा के संबंध में बताया गया कि मां मनसा देवी की चार समय पूजा की जाती है। सुबह चार बजे से बली पूजा किया गया। साथ ही बताया गया कि मां मनासा देवी को भगवान षिव की मानस पुत्री और नागरज वासुकी की बहन के रूप में पूजा जाता है। इस पूजा से लोगों की मनते पूर्ण होती है। पूजा के दौरान काफी संख्या में भक्त गण उपस्थित थें। मां मनसा देवी की प्रतिमा का विसर्जन रविवार को की जाएगी।

## ओरमांझी में खेत में गिरा पिकअप वैन



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के पांचा में एक पिकअप वेन अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरा। शुक्रवार की शाम साढ़े पांच बजे हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि पिकअप वैन संख्या जेएच-01बीएफ-9923 बोकारो से रांची की ओर जा रही थी। जैसे ही पांचा के पास पहुंचा विपरित दिषा से आ रहे एक कार से टक्कर होने से बचाने के चक्कर में पिकअप वैन अनियंत्रित हो गया। घटना के बाद पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों ने चालक और खलासी को पिकअप वैन से सुरक्षित बाहर निकाला। दोनो को मामूली चोट लगी थी।

## राणाडीह स्कूल को हाथियों ने किया क्षतिग्रस्त

**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय राणाडीह को निशाना बनाते हुये हाथियों के झुंड ने पूरी तरह क्षतिग्रस्त किया है। स्कूल के सभी कमरे के खिड़की ओर दरवाजे को तोड़ कर किताब एबेंच डेक्सए चावलए को नष्ट कर दिया है ।स्कूल के चहारदीवारी को भी गिरा दिया है। इसके पूर्व 5 अगस्त को भी हाथियों के झुंड ने स्कूल में नुकसान किया है। हाथियों का दो झुंड आसपास काफी दिनों ने किसानों को परेशान कर रखे है। स्कूल के प्रधानाध्यापक महेंद्र वर्मा ने विभाग कार्यालय में सूचना देकर घटना की जानकारी दिया है।

## बेड़ो : पूर्व विधायक ने धनरोपनी का लिया जायजा



**बेड़ो।** मानसून की दगाबाजी व कम बारिश की बेरहम मार से बेड़ों क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई है। बारिश की आस में किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। किसानों ने बढ़ती महंगाई और घाटा को नजरंदाज करते हुए बारिश और उत्पादन की आस में धान रोपनी में जुटे हैं। इधर पूर्व विधायक सह भाजपा नेत्री गंगोत्री कुजूर ने शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर धान रोपाई की स्थिति का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। उन्होंने सरकार ने झारखंड को सुखा घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को जल्दी से जल्दी झारखंड को सुखा घोषित करना चाहिएए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवों में किसानों से मिलकर खेती का हाल खबर लिया। मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी, रांची जिला ग्रामीण किसान मोर्चा उपाध्यक्ष तेजू दास, अध्यक्ष आलोक मिश्रा, महामंत्री बलराम सिंह, आंनद साहू सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दिव्यांगों के बीच बैट्री चार्ज रिक्शा का वितरण

**सिमरिया विधायक की अनुशंसा पर मिला रिक्शा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिपरवार।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के अनुशंसा पर सीसीएल चंद्रगुप्त के द्वारा भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के समक्ष पिपरवार मंडल के दो दिव्यांगों के बीच ई रिक्शा बैटरी चार्ज साइकिल का वितरण किया गया। बटुका निवासी चंदू उरांव की पुत्री दिव्यांग बसंती तिर्की, केमो निवासी दिव्यंग मुना पाण्डे के बीच रिक्शा का वितरण किया गया। साइकिल प्राप्त कर दिव्यंगो में काफी खुशी देखी गई। दिव्यांगों के चेहरे पर मुस्कान देखकर हमें बहुत खुशी होती है कि मैंने अपने विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगों के लिए इ रिक्शा बैटरी चार्ज का वितरण किया और आगे भी दिव्यांगों को दिया जाएगा। मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के मांग पर एक महीना के भीतर और भी दियांगो के बीच ई रिक्शा बैटरी साइकिल का वितरण किया जाएगा। इसके बाद सभी दिव्यांगों ने सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास एवं भाजपा पिपरवार मंडल समस्त भाजपा परिवार को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इस पावन अवसर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता उदय शर्मा सक्रिय सदस्य रविन्द्र सिंह विधायक सुपुत्र पंकज राज सह संयोजक संजय कुमार भोगता मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह चंदू उरांव बसंती तिर्की इत्यादि मौजूद थे।



दिव्यांगों के बीच बैट्री चार्ज रिक्शा का वितरण करते लोग।

## ऑक्सीजन गैस पाइप लाइन की चोरी

**इटकी।** इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के एनडब्ल्यू वार्ड से गुरुवार की रात चोरों ने ऑक्सीजन गैस पाइप लाइन की चोरी कर ली। मामले को लेकर आरोग्यशाला प्रशासन द्वारा इटकी थाना को लिखित सूचना दी गयी है। थाना प्रभारी अमित प्रशांत के मुताबिक उक्त वार्ड में आरोग्यशाला में नियुक्त गार्ड के अलावा चहारदीवारी के निर्माण कार्य में शामिल मजदूर रहते हैं। इन लोगों के रहते चोरी होना कई बातों का संदेह उत्पन्न करता है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# आदिवासी बहुल तरवां में अबतक नहीं बनी सड़क

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा प्रखंड के किचटो पंचायत स्थित आदिवासी बहुल क्षेत्र तरवां के ग्रामीणो द्वारा आजादी के सात दशक बाद भी सड़क नहीं होना अभिशाप बन गया है । एक तरफ देश एवं राज्य के विकास को लेकर नए नए आयाम के इबारत लिखे जा रहे हैं लेकिन यह गांव आज भी बदहाल कीचड़ युक्त सड़कों पर चलने को मजबूर है । जबकि यह क्षेत्र के ग्रामीण टंडवा प्रखंड मैं आते हैं लेकिन इस गांव का विधानसभा क्षेत्र बड़कागांव विधानसभा है इस कारण को लेकर जिला में होने वाली डीएमएफटी की बैठक मैं बड़कागांव विधानसभा विधायक अंबा प्रसाद के शामिल नहीं होने से इन गांव में विकास का कार्यठप पड़ा हुआ है यहां के ग्रामीण प्रखंड और विधानसभा के सीमांकन को लेकर मंझधार में पड़े हुए हैं इन्हीं कारणों से किचटो पंचायत मेंविकास का कार्य अवरुद्ध हो गया है इधर सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अंतर्गत यह पंचायत है । इस क्षेत्र में सड़क का नहीं होना इसकी व्यथा ग्रामीण किसको सुनाएं यहां के जनप्रतिनिधि का भी ध्यान इस और नहीं गया है इस बदहाल सड़क के समीप 10 से 12 की संख्या में आदिवासी परिवार निवास करते हैं लेकिन सड़कों के अभाव में आज भी जीने को विवश है । यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से तरवा तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क कीचड़ युक्त है इन्हीं सड़कों से बच्चों को पठन पाठन को लेकर विद्यालय जाने के क्रम में इन सड़कों पर फिसल कर गिरने से चोटिल भी हो जाते हैं।

# प्रखंड अंजुमन कमेटी : जिप अध्यक्ष ने निर्वाचित लोगों को दिये प्रमाण पत्र

**● अतिथियों ने की ताजपोशी दिलायी गयी शपथ**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड अंजुमन कमेटी की 13 अगस्त को हुये त्रिवार्षिक चुनाव में निर्वाचित पदधारियों के बीच जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, चुनाव समिति की अध्यक्ष सह प्रमुख संगिता तिर्की और सचिव सह उप प्रमुख रियाजुल अंसारी ने प्रमाण पत्र बांटे। ताजपोशी के बाद उन्हें पद की शपथ दिलायी गयी। बिजुलिया स्थित मदरसा उरुल उल्लुम परिसर इसका गवाह बना। कमेटी ने समाज के अलावा सभी समुदाय को साथ लेकर चलने की वचनबद्धता दोहरायी। इससे पूर्व अतिथियों ने कमेटी के पदधारियों को शुभकामनाएं दी। जोहार पार्टी के विजय कुशवाहा ने उन्हें शॉल तथा झारखंड आंदोलनकारी स्व बिरेंद्र भगत की पत्नी श्रीमती भगत को शॉल और प्रशस्ति पत्र भेंट की। समारोह में सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया और पारंपरिक एकता की मिसाल कायम किये। अध्यक्षता संगीता तिर्की ने की, जबकि संचालन मास्टर जुबैर ने किया। स्वागत भाषण मो जशीम अंसारी और धन्यवाद ज्ञापन मो साबिर ने दिया।



प्रमाण पत्र के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

## जानें चुनाव की स्थिति

अताउल्लाह अंसारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंवी मो शाहिद को 339 के मुकाबले 494 वोटों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया। अनीसुर्रहमान अंसारी ने मंतजिर को पटकनी देकर सचिव पद पर शानदार जीत हासिल की है। उन्होंने श्री खान को 162 वोटों से शिकस्त दी। सेवानिवृत्त आर्मी अंजुम खान लगातार दूसरी बार कमेटी के उपाध्यक्ष चुने गये हैं। उन्होंने मो आशिफ को 10 वोटों के मामूली अंतर से हरा दिया। कोषाध्यक्ष पद पर अजमुल हक ने सयुप अंसारी को 269 के मुकाबले 567 मतों से धो डाला। जबकि उप सचिव पद के प्रत्याशी मो मोख्तार ने महफुज आलम को 56 वोटों से मात दी थी। उन्हें 447 वोट पड़े, जबकि महफुज को 391 मत प्राप्त हुये। 9 सौ मतदाताओं में से 848 ने मतदान में भाग लिया। 40 वोट रद्द कर दिये गये थे। वोटिंग 94 .22 प्रतिशत रहा।

## समारोह में लिया हिस्सा

पद्मश्री मधु मंसुरी, आजसू नेता भरत कांशी, झामुमो नेता नंदकिशोर मेहता, पूर्व अध्यक्ष कमरुल हक, सरपंच बिक्रम उरांव, मौलाना अजहर, अबुल हसन, तैयब अंसारी, मो रज्जब अली, मो आजम, नौशाद आलम, मो वशिम, मो मोजिबुल्लाह, एस अंसारी, जुमाउद्दीन अंसारी, विक्की उरांव, खैरुद्दीन अंसारी, के अंसारी, एम अंसारी, अक्लिमा खातून, मकबूल अंसारी, सिंदबाज खान, हाजी महिउद्दीन, चिंटू मिश्र, मो शामी, अब्दुल कुदुश व चुनाव कमेटी के सदस्य आदि।

# अभियुक्त को गिरफ्तार करने गई पुलिस के साथ झड़प

**पुलिस की गाड़ी को किया क्षतिग्रस्त, क्रेन के टायर का निकाल दिया हवा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** बरकट्ठा थाना अंतर्गत कोनहरा एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए गई पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया. यही नहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी और जब उसे गाड़ी को निकालने के लिए क्रेन बुलाया गया तो क्रेन का चक्का का हवा निकाल दिया गया. ऐसे में रात भर पुलिस उसे गांव में परेशान रही. आलम यह रहा कि वरीय पदाधिकारी को भी घटना स्थल पर आना पड़ा. पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया. इसके बाद पुलिस वहां से बैरन लौट गई. दरअसल बरकट्ठा पुलिस ताज अंसारी पिता इसराइल अंसारी को तलाश कर रही थी. 2023 में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. रिकॉर्ड के अनुसार उन पर मारपीट के दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं. लगातार पुलिस उन्हें तलाश कर रही थी. लेकिन वह थाना नहीं पहुंच रहे. बीते देर रात पुलिस उन्हें तलाश करने के लिए उनके घर पहुंची और इसी दौरान आसपास के लोग और उनके परिजनों ने पुलिस पर ही हमला कर दिया है. इस मामले को लेकर सुबह पुलिस फिर से उस गांव में दबिश बनाने के लिए गई ताकि जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है उन्हें पकड़ा जा सके. लेकिन पुलिस के हाथ घंटो बीत जाने के बाद भी खाली रही.

## सांसद ने ग्रामीणों के विद्युतीकरण मांग को लेकर को लिखा पत्र

**हजारीबाग।** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा से कटकम सांडी के उलांज ग्राम के ग्रामीणों के द्वारा कृषि कार्य के लिए उलांज क्षेत्र में विद्युतीकरण के लिए मांग किया गया था। उनकी मांग पर गंभीरता पूर्वक पहल करते हुए सांसद ने विद्युत महाप्रबंधक हजारीबाग को पत्र लिख कर आग्रह किया कि ग्रामीणों की मांग की आवश्यकता को देखते हुए शीघ्र ग्रामीणों की मांग को पूरा किया जाए।

जिससे जरूरतमंद किसानों को सिंचाई की आवश्यकता पूरी हो। उक्त जानकारी सांसद जैन सिंह के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

## हनुमान चालीसा व भागवत गीता किया जायेगा वितरण

**विष्णुगढ़।** प्रखंड मे विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा घर घर जा कर हनुमान चालीसा व भागवत गीता का वितरण करने का संकल्प लिया है। इस बाबत गुरुवार को लगभग 50 लोगों से मुलाकात कर हनुमान चालीसा पुस्तक का बांटा। इस कार्य में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री सिकंदर कुमार द्वारा भागवत व चालीसा वितरण कार्यक्रम चलाया गया।

# जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक में आवश्यक निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की हजारीबाग जिला स्तरीय कमिटी की बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम के उद्देश्य से चार स्तरीय नार्कों कॉर्डिनेशन सेंटर मेकानिज्म का गठन किया गया है। सभी संबंधितों को पुरी मुस्तैदी एवं समन्वय के साथ काम करना होगा। उन्होंने समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान कर त्वरित कार्रवाईयां करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्रीय स्तर के कर्मियों की भूमिका सुनिश्चित करने तथा उक्त अधिनियम के बाबात स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों को जागरूक करने का निर्देश अंचलाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने कहा कि मादक पदार्थों की खेती एवं सेवन बहुत ही संवेदनशील एवं गंभीर विषय है। प्राथमिक स्तर पर ही इसके रोकथाम एवं इसमें संलिप्त गिरोहों पर कार्रवाई करना आवश्यक है। साथ ही समाज को भी जागरूक करना जरूरी है ताकि इसके दुष्प्रभाव को खत्म किया जा सके। इस बाबत उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र को मजबूत करने के साथ साथ तस्करी पर लगाम लगाने की कारवाई करना, जिला के चिन्हित प्रखंड खासकर चौपारण के सुदूरवर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ाना होगा, बतया गया कि चौपारण क्षेत्र जहां मादक पदार्थों की खेती होती है सुदूरवर्ती होने के साथ-साथ बिहार की सीमा से लगा भी हुआ वहां विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करें।

मौके पर निर्देश दिया गया कि मुखिया एवं थाना प्रभारियों उक्त आश्य का शपथ पत्र देना होगा कि मादक पदार्थों का उपज उनके क्षेत्र में नहीं होता है। साथ ही अन्तराज़ीय गिरोह पर निगरारी के लिए पड़ोसी राज्य के पुलिस से समन्वय करने का निर्देश दिया गया। वहीं मादक पदार्थ, सेवन के दुष्प्रभाव एवं अधिनियम की धाराओं संबंधी जनजागरूकता हेतु स्कूल कॉलेजों में कार्यक्रम करने, सोशल मीडिया, बैनर एवं परम्रागत मीडिया के माध्यम से जागरूकता प्रचार-प्रसार करने का निर्देश जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में उपायुक्त, एसपी सहित आईपीएस आरिफ, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर/ बरही, सीविल सर्जन सहित कमिटी के अन्य सदस्य एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

## नस्ल की तबाही का स्क्रिप्ट लिख रहे हैं ड्रग पेड्डलर्स



बैठक करती उपायुक्त

**हजारीबाग।** जिले में अचानक पिछले दो सालो से मादक पदार्थों की तस्करी में भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। लोगो का कहना है कि अगर इस मुद्दे पर जिला प्रशासन सही में संवेदनशील है तो इस गतिविधि को रोकना प्रशासन के लिए कोई बड़ी बात नहीं है। ब्राउन शुगर हर गली मुह्हले में प्रवेश कर चूका है। १७ से २५ वर्ष के बीच के युवा इसके चपेट में है। युवा नस्ल की तबाही की स्क्रिप्ट लिखी जा चुकी है। शहर के पेलावल, बंसी लाल चौक, बड़ा बाजार, मटवारी, कृष्णापुरी, कोर्रा, लाखे, लालपुर चौक, दिपुगढ़ा जैसे स्थानों पर ड्रग पेड्डुलर्स ने अपना धंधा फैला रखा है। कई बार पुलिस इन्हे पकड़ती भी है। ये जेल भी जाते हैं लेकिन कमजोर धाराओ के कारण जब ये जेल से निकलते हैं तो फिर ड्रग्स के धंधे में लग जाते हैं। जब तक ये लम्बे समय के लिए अंदर नहीं रहेंगे तब तक ये खेल चलता रहेगा।

## टाटीझरिया में जंगली हाथियों ने मचाया तांडव

**टाटीझरिया।** प्रखंड के पंचायत अंतर्गत लोधी टोला मे गुरुवार को हाथियों ने खेत मे लगे फसलो में धान के पौधा को खाते हुए अपने पैरो तले कुचल कर नष्ट कर दियो टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र मे इन दिनों लोग हाथियों के उत्पात से दहस्त मे जी रहें है जंगली हाथियों ने झरपो और लोधी के इन किसानों का किये फसल नष्ट लखन सिंह, ईश्वर सिंह, दीना महतो, रवि यादव भोला सिंह,अब्बा सिंह, जमुना सिंह, राजेंद्र प्रसाद राधों महतो, हरी सिंह, दारा सिंह, लालमनी सिंह,समेत अन्य कई लोग थे जिन्होंने वन विभाग को कई बार फोन से जानकारी देने का बाद बहुत ही मशक्कत के बाद क्षेत्र मे आते है वन कर्मियों की लापरवाही से किसानों ने नराजगी जताई वही जिला के बिजली विभाग पदाधिकारी गणों को भी कई बार इन समस्याओ से अवगत करवाया गया।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

**शुद्धि पत्र**

पत्रांक ........... कोडरमा / दिनांक ...... / ....... / 2023

निविदा सूचना सं0 – RDD/SD/KODERMA/RE/03/2023-24 (2nd Call) आमंत्रित किया गया है, जिसमें क्रमांक 05 के ii) में ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग के स्थान पर जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग पढा एवं समझा जाय। जिसका पी0 आर0 सं0 – 304463 है। निविदा की सभी शर्ते पूर्वत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
कोडरमा

PR 304962 Rural Work Department (23-24)_D



जिला खनन कार्यालय, सिमडेगा

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिलान्तर्गत अवस्थित पत्थर का Draft DSR जिले के website www.Simdega.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अपलोड किये पत्थर का Draft DSR के संबंध में किसी भी प्रकार का आपत्ति एवं सुझाव के लिए जिला खनन कार्यालय, सिमडेगा के ई0मेल आई0डी0 dmo-simdega@jharkhandmail.gov.in पर 21 दिनों के अन्दर सूचित करने का कष्ट करेगें।

ह0/–
18.08.2023
जिला खनन पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 304941 Mines and Geology (23-24)_D


## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक



बैठक में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान बैंकों की वार्षिक ऋण योजना एवं क्रेडिट लिंकेज कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन बैंकों द्वारा किए गए कार्यों को संतोषजनक नहीं पाया उनके बैंक प्रबंधकों/ प्रतिनिधियों को 15 दिनों के अंदर कार्यों में सुधार लाने का निर्देश दिया। वहीं ,उपायुक्त ने सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र में ऋण उपलब्ध कराने हेतु जिन बैंकों की उपलब्धि 40% से कम है उन बैंकों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश अग्रणी जिला प्रबंधक को दिया। बैंकों के सीडी अनुपात में सुधार को लेकर उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश बैंक प्रबंधकों को दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने डीपीएम जेएसएलपीएस को ज्यादा से ज्यादा स्वयं सहायता समूह को मुद्रा लोन दिलाने हेतु ऑनलाइन आवेदन कराने का निर्देश दिया।

## चनारो पंचायत भवन में कई मुद्दों को लेकर बैठक

**चरही।** चूरचु प्रखंड के तहत चनारो पंचायत के भवन सभागार में मुखिया ब्रजबिहार महतो की अध्यक्षता में पेजल स्वच्छता विभाग के जिला कोडिनेटर और प्रखंड कोडिनेटर के साथ बैठक किया गया। कई विषयों पर चर्चा की गई।पंचायत में बने शौचालय का उपयोग हो रहा है कि नहीं।इसके लिए कितने लोग जागरूग हुए हैं।मध्य विद्यालय चनारो,पंचायत भवन और आंगनबाड़ी केंद्र तथा लोगों के घरों में बने शौचालय का निरीक्षण किया गया।ग्रामीणों को दिशा निर्देश दिया गया कि ग्रामीण शत प्रतिशत शौचालय का उपयोग करें और शौच के लिए बाहर नहीं जाएं। ताकि क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व उप प्रमुख चौलेशवर महतो सह विधायक प्रतिनिधि उप मुखिया, वार्ड सदस्य और सपोर्ट से उस्मान, प्रवचन, संतोष बासके, बेबी देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मांडू विधायक जेपी पटेल ने चरही में जांच घर का उद्घाटन किया



उद्घाटन करते विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने शुक्रवार को चुरचू प्रखंड के चरही मेन रोड स्थित एनएच-33 के नजदीक दी हॉप डीगनेस्टी सेंटर जांच घर का फीता काटकर उद्धघाटन किया।मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि इस जांच घर में लोगों को हर तरह का जांच किया जाएगा।

यहां पर सभी तरह की सुविधा मौजूद है। अब ग्रामीणों को जांच कराने के लिए हजारीबाग,रामगढ़ या रांची जाने जाने जरूरत नहीं पड़ेगी। मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, विधायक प्रतिनिधि चौलेश्वर महतो, आरिफ अंसारी, एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शंकर करमाली, उप मुखिया अभिजीत सिंह, पंसस आशा राय, निरंजन महतो, वार्ड सदस्य सत्येन्द्र नारायण सिंह, विशाल सिंह, सेंटर संचालक अमित सिंह, आफताब अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू-अर्जन कार्यालय, रॉंची)

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

पंडरा (NH75 पर)–कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि॰मी॰) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना।

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–पंडरा, थाना–रॉंची, थाना संख्या–149, अंचल–हेहले, जिला–रॉंची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा–पंडरा (NH75 पर)–कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि॰मी॰) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–पंडरा, थाना–रॉंची, थाना संख्या–149, अंचल–हेहले, जिला–रॉंची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–7.641 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा–पंडरा**

| क्र॰ | खाता सं॰ | सर्वे प्लॉट सं॰ | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं॰) उ॰ | द॰ | पू॰ | प॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 | 190 | दोन एक | 0.083 | अकला उरांव वल्द शीघा उरांव | सीमाना | 196 | 191 | 196 |
| 2 | 48 | 224 | दोन तीन | 0.102 | बुधुवा उरांव वल्द नगवा उरांव वगै॰ | 149 | 228 | 221 | 149 |
| 3 | 26 | 193 | दोन तीन | 0.030 | जोढ़ू उरांव, मनु उरांव, भीमा उरांव, रौना उरांव, पेशरान डोका उरांव वगै॰ | सीमाना | 192 | सीमाना | सीमाना |
| 4 | 26 | 501 | दोन दो | 0.044 | जोढ़ू उरांव, मनु उरांव, भीमा उरांव, रौना उरांव, पेशरान डोका उरांव वगै॰ | 503 | 498 | 500 | 502 |
| 5 | 26 | 502 | दोन दो | 0.436 | जोढ़ू उरांव, मनु उरांव, भीमा उरांव, रौना उरांव, पेशरान डोका उरांव वगै॰ | 503 | 229 | 501 | 228 |
| 6 | 26 | 760 | दोन दो | 0.099 | जोढ़ू उरांव, मनु उरांव, भीमा उरांव, रौना उरांव, पेशरान डोका उरांव वगै॰ | सीमाना | 759 | 761 | सीमाना |
| 7 | – | 226 | – | 0.004 | अज्ञात | 225 | 228 | 225 | 227 |
| 8 | 79 | 191 | दोन दो | 0.451 | फेकु बड़ाइक, वल्द चमरु बड़ाइक | सीमाना | 195 | 192 | 190 |
| 9 | 79 | 192 | दोन तीन | 0.046 | फेकु बड़ाइक, वल्द चमरु बड़ाइक | सीमाना | 194 | सीमाना | 191 |
| 10 | 86 | 214 | दोन तीन | 0.251 | लालु, शोमरा वल्द लालु उरांव | 212 | 215 | 213 | 216 |
| 11 | 151 | 505 | टांड़ दो | 0.323 | बकास्त भुईहरी | 507 | 504 | 513 | 503 |
| 12 | 168 | 184 | दोन दो | 0.481 | बकास्त | 185 | 212 | 210 | 183 |
| 13 | 171 | 210 | दोन तीन | 0.168 | बकास्त भुईहरी | 198 | 211 | 208 | 184 |
| 14 | 172 | 211 | दोन तीन | 0.100 | बकास्त भुईहरी | 210 | 212 | 208 | 184 |
| 15 | 174 | 199 | दोन दो | 0.035 | बकास्त भुईहरी | 196 | 204 | 195 | 198 |
| 16 | 175 | 209 | दोन तीन | 0.003 | बकास्त भुईहरी | 196 | 204 | 195 | 198 |
| 17 | 176 | 198 | दोन दो | 0.630 | बकास्त भुईहरी | 197 | 210 | 209 | 185 |
| 18 | 179 | 212 | दोन तीन | 0.453 | बकास्त भुईहरी | 211 | 214 | 207 | 217 |
| 19 | 111 | 221 | दोन तीन | 0.105 | छोटका उरांव वल्द शुखराम उरांव | 220 | 222 | 228 | 224 |
| 20 | 214 | 185 | दोन दो | 0.007 | गोरख नाथ, वल्द मुन्शी केशो नाथ व राम प्रसाद, सुरज प्रसाद पेशरान जनकी प्रसाद | 186 | 184 | 198 | 182 |
| 21 | 226 | 510 | दोन तीन | 0.103 | शोमरा उरांव बनधु उरांव पेशरान शैवा उरांव | 228 | 509 | 511 | 506 |
| 22 | 48 | 222 | टांड़ एक | 0.070 | बुधुवा उरांव वल्द नगवा उरांव वगै॰ | 221 | 228 | 228 | 224 |
| 23 | 48 | 225 | परती कदीम | 0.012 | बुधुवा उरांव वल्द नगवा उरांव वगै॰ | 149 | 228 | 223 | 226 |
| 24 | 230 | 196 | दोन दो | 0.332 | फेकु बड़ाइक वल्द चमनु बड़ाइक | 190 | 199 | 191 | 197 |
| 25 | 230 | 197 | दोन दो | 0.497 | फेकु बड़ाइक वल्द चमनु बड़ाइक | 189 | 198 | 198 | 189 |
| 26 | 48 | 149 | टांड़ दो | 0.032 | बुधुवा उरांव वल्द नगवा उरांव वगै॰ | 218 | 225 | 224 | 150 |
| 27 | 238 | 507 | टांड़ दो | 0.009 | बकास्त भुईहरी | 228 | 505 | 509 | 503 |
| 28 | 48 | 223 | टांड़ दो | 0.272 | बुधुवा उरांव वल्द नगवा उरांव वगै॰ | 224 | 228 | 221 | 149 |
| 29 | 239 | 506 | परती कदीम | 0.129 | बुधुवा उरांव वल्द घाशी उरांव | 228 | 505 | 509 | 503 |
| 30 | 239 | 509 | दोन तीन | 0.028 | बुधुवा उरांव वल्द घाशी उरांव | 510 | 508 | 512 | 506 |
| 31 | 157 | 216 | टांड़ दो | 0.233 | अज्ञात | 212 | 219 | 214 | 218 |
| 32 | 127 | 219 | दोन दो | 0.405 | लोहना उरांव वगै॰ | 216 | 221 | 220 | 218 |
| 33 | 80 | 215 | परती पत्थर | 0.040 | गैरमजरुआ मालीक | 214 | 228 | 228 | 219 |
| 34 | 133 | 220 | रास्ता | 0.023 | गैरमजरुआ खास | 228 | 221 | 228 | 219 |
| 35 | 232 | 228 | नदी | 0.701 | गैरमजरुआ मालीक | – | – | – | – |
| 36 | 80 | 503 | परती कदीम | 0.896 | गैरमजरुआ मालीक | 228 | 504 | 505 | 228 |
| 37 | 82 | 213 | परती कदीम | 0.008 | बकास्त | 214 | 228 | 228 | 214 |
| | | | Total | 7.641 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रॉंची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रॉंची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रॉंची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जि॰भू॰अ॰का॰,रॉंची। | कानूनगो, जि॰भू॰अ॰का॰,रॉंची। | जि॰ भू॰ अ॰ पदा॰, रॉंची। | अपर समाहर्त्ता, रॉंची। | उपायुक्त, रॉंची।

PR 304881 (Land Reforms) 23-24 (D)


## ट्रांसपोर्ट नगर में चोरों ने ऑफिस व दुकानों में की चोरी

**कुजू।** कुजू कोयलाचंल में इन दिनों चोरों का आतंक बहुत बढ़ गया है। आये दिन क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे है। चोरों ने गुरूवार की बीती रात ट्रांसपोर्ट नगर कुजू में बंद पड़े राशन दुकान, फल गोदाम समेत कोयला व्यवसाय ऑफिस का ताला तोड़कर चोरों ने बैटरी, खाद्य सामग्री समेत नगदी की चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगियों ने कुजू पुलिस को सूचना दी है। सूचना के बाद कुजू पुलिस द्वारा घटनास्थल पहुंचकर छानबीन किया।

## भदानीनगर के लपंगा में धूमधाम से हुई मां मनसा देवी की पूजा

**भदानीनगर (रामगढ़)।** श्रीश्री मां मनसा पूजा समिति महुआ टोला के तत्वावधान में भदानीनगर के लपंगा में गुरूवार की देर शाम पूरे धूमधाम व भक्तिभाव से मां मनसा पूजा मनाया गया। इस दौरान पुरोहित नागेश्वर ठाकुर द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां मनसा देवी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। साथ ही बकरे और बत्तख की बलि देकर अपने परिवार की खुशहाली की कामना की।

# कुरसे में धूमधाम व भक्तिभाव से हुई मां मनसा देवी की पूजा-अर्चना

## भक्ति जागरण व भंडारा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मां मनसा पूजा कमेटी के तत्वावधान में भदानीनगर क्षेत्र के कुरसे गांव में गुरूवार की शाम पूरे धूमधाम व भक्तिभाव से मां मनसा पूजा मनाया गया। इस दौरान पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां मनसा देवी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा में बसंत तुरी व पत्नी पूनम देवी मुख्य रूप से शामिल हुईं। पूजा बाद रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन हुआ।

जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व कुरसे मुखिया संदीप उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व रोशन लाल चौधरी ने मां मनसा की पूजा कर उनके समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। इसके बाद भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई।

इस दौरान प्रदीप मंडली ग्रुप के कलाकारों ने हर हर शंभु, आरे द्वार पालों, हमसे भंगिया न पिसाई आदि एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को रातभर झुमाए रखा। मनसा पूजा के पावन अवसर पर शुक्रवार को भव्य भंडारा का आयोजन हुआ।



फीता काटकर जागरण का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी व अन्य



भक्ति गीत प्रस्तुत करती भजन गायिका

## सड़क दुर्घटना में घायल को अपने बाइक से निजी स्कूल संचालक ने पहुंचाया अस्पताल

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के अखाडा चौक स्थित एंबीशन पब्लिक स्कूल के संचालक विवेक कुमार ने सड़क हादसे मे घायल को मौके से खुद के मोटर साइकिल से हॉस्पिटल पहुंचाया। जीससे मरीज की जान बच गई। घटना बुधवार लगभग 8 बजे रात की है। जानकारी के अनुसार प्रखंड के खरकी के शिवलाल हेमब्रम उम्र लगभग 45 को किसी कोयला गाड़ी द्वारा मार कर भाग गया था जीससे हेमब्रेम के सर पर चोट आई थी।

## डीसी व एसपी को सौंपा ज्ञापन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इच्छा पुरण बालाजी हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला भुरकुंडा बाजार समिति ने रामगढ़ उपायुक्त और रामगढ़ एसपी को ज्ञापन देकर कर आगामी 23 अगस्त को मंदिर के समीप आमरण अनशन करने की बात कही है। लेकिन पुलिस मामले में संज्ञान नहीं ले रही है।



# नशा से सामाजिक नुकसान का हो सर्वेक्षण : सर्वोच्च न्यायालय

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से कहा कि स्कूली बच्चों में बढती नशे और शराब की लत पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय कार्ययोजना पेश करे। न्यायालय ने कहा कि एक बार 'लत लग जाने के बाद उन्हें नशे का तस्कर' बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसलिए केंद्र देशभर में स्कूली बच्चों में शराब और मादक पदार्थों की लत और उनके इस्तेमाल पर राष्ट्रीय सर्वेक्षण करवाए।

### नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता

स्कूली बच्चों को मादक पदार्थों की लत और इसके दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने के लिए पीठ ने उनके पाठ्यक्रम पर फिर से विचार करने का सुझाव दिया। यह निर्देश गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से वर्ष 2014 में दायर की गई जनहित याचिका पर दिए गए हैं। यह संगठन नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का है।

### आदर्श पाठ्यक्रम बनाने की मांग

याचिका में संगठन ने बच्चों में मादक पदार्थों की लत पर राष्ट्रीय कार्ययोजना बनाने का निर्देश देने की मांग की थी जिसमें पहचान, जांच, सुधार, काउंसेलिंग और पुनर्वास शामिल हो। इसके अलावा मादक पदार्थों के इस्तेमाल के दुष्प्रभाव पर आदर्श पाठ्यक्रम बनाने की भी मांग की गई थी। गैर सरकारी संगठन का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का ने देश के हर जिले में बच्चों के लिए विशेष इकाई वाले नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्र स्थापित करने की भी मांग की।

### सड़क हादसों में हर साल मर रहे लाखों

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस पर अंकुश के लिए शराब पीकर वाहन चलाने से रोकने के नियम के ''पर्याप्त क्रि यान्वयन' की जरूरत

अकेले 2014 में ही भारत में राष्ट्रीय और राज्यीय राजमार्ग पर कुल 2.37 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिनमें 85,462 लोग मारे गए और 2.59 लाख लोग घायल हो गए।ये सनसनीखेज नतीजे उच्चतम न्यायालय के समक्ष रखे गए आधिकारिक आंकड़ों में शामिल थे। इनमें कहा गया कि वर्ष 2009 के आंकड़ों के अनुसार, विश्व भर में हुई सड़क दुर्घटनाओं में से सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं भारत में हुई। इससे हर चार मिनट में एक सड़क दुर्घटना होने के संकेत मिले।पिछले कई साल में वाहन दुर्घटनाओं में हुई मौतों के आंकड़ों पर गौर करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि भारत दुनिया की दुर्घटना राजधानी होने के तमगे से बच सकता है। इसके साथ ही न्यायालय ने शराब पीकर वाहन चलाने से रोकने के नियम के ''पर्याप्त क्रियान्वयन' की जरूरत पर जोर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि आर्थिक विकास के शीर्ष पर चल रहे भारत जैसे देश के लिए जरूरी है कि वह सड़क दुर्घटनाओं में, खासकर नशे में वाहन चालन के कारण लोगों की कीमती जिंदगियों को बर्बाद होने से रोकने के लिए कानून का समुचित तरीके से क्रि यान्वयन करे। ये टिप्पणियां शीर्ष अदालत ने 15 दिसंबर को अपने फैसले में कीं। इसके जरिए उसने देशभर के राष्ट्रीय और राज्यीय राजमागरें पर शराब की सभी दुकानों को प्रतिबंधित करने का आदेश जारी कर दिया। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि मौजूदा दुकानों के लाइसेंस का अगले साल 31 मार्च के बाद नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, ''मानव जीवन कीमती है। भारत में सड़कों के जाल का विस्तार होने के चलते, सड़क अवसंरचना के आर्थिक विकास का अभिन्न अंग होने के चलते दुर्घटनाएं आम नागरिक के जीवन पर गहरा असर डालती हैं। पीठ में न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव भी शामिल थे।

# बुल्डोजर न्याय: आसान नहीं कोर्ट के सवालों का जवाब देना


**मुरलीधर**

**हरियाणा** सहित मथुरा में भी प्रशासन के बुलडोजर अभियान को न्यायालय ने विवेचना का विषय बता दिया है। निस्संदेह, नूंह और गुरुग्राम की हिंसक घटनाओं को समाज, राज्य व देश हित में कदापि स्वीकार नहीं किया जा सकता। किसी भी समाज में संप्रदाय के आधार पर हुई हिंसा में जन-धन की हानि उसकी प्रतिष्ठा व प्रगतिशीलता पर सवाल खड़े करती है। ऐसा इसलिये भी है क्योंकि किसी तरह की सांप्रदायिक हिंसा का शिकार ऐसे लोगों को बनाया जाता है, जिनका घटनाक्रम से सीधा कोई संबंध नहीं होता। लेकिन हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई पर यदि सवाल उठें तो यह भी चिंता की बात कही जानी चाहिए। हिंसा प्रभावित नूंह में कथित रूप से दंगे में भूमिका निभाने वाले कुछ लोगों के खिलाफ बुल्डोजर कार्रवाई को लेकर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की तल्ख टिप्पणी को इसी आलोक में देखा जाना चाहिए। अदालत ने पूछा है कि संप्रदाय विशेष के लोगों के खिलाफ कार्रवाई का तार्किक औचित्य क्या है? क्या कानून व्यवस्था बनाये रखने की आड़ में समुदाय विशेष की इमारतों को निशाना बनाया गया है? क्या प्रशासनिक अधिकारी कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं? इतना ही नहीं, अदालत ने राज्य सरकार को एक हलफनामा पेश करने का निर्देश भी दिया है, जिसमें उल्लेख किया जाए कि पिछले दो सप्ताह में नूंह और गुरुग्राम में कितनी इमारतें गिराई गई हैं? क्या इमारतों को गिराने से पहले कोई नोटिस जारी किया गया था? उल्लेखनीय है कि गत 31 जुलाई को एक धार्मिक जुलूस को भीड़ द्वारा निशाना बनाये जाने के बाद नूंह में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। कालांतर हिंसा ने आसपास के इलाके को भी अपनी चपेट में ले लिया था। जिसमें गुरुग्राम भी शामिल था। दरअसल, पिछले कुछ दिनों में अधिकारियों द्वारा कुछ झुग्गियों और दुकानों सहित कथित रूप से अवैध रूप से बनी संरचनाओं को ढहा दिया था। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना था कि इनमें से कुछ आवास व प्रतिष्ठान दंगाइयों के थे। प्रशासन का दावा था कि इनके मालिकों को पहले नोटिस भी जारी किये गये थे।

बहरहाल, प्रशासन के दावे के बावजूद अतिक्रमण हटाने व तोड़फोड़ की कार्रवाई के समय और पूरी प्रक्रिया में चयन को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। आरोप लगे कि हिंसा में कथित भूमिका की पूरी तरह जांच किये बिना ही अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को तत्काल सजा दी जा रही थी। दरअसल, बीते वर्षों में कुछ राज्यों खासकर भाजपा शासित राज्यों उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में ह्यबुल्डोजर न्याय प्रशासन की कार्यशैली का विशेष अंग बन गया है। पिछले साल जून में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के एक सलाहकार ने बुल्डोजर से एक इमारत ध्वस्त करने की तसवीर सोशल मीडिया पर जारी करते हुए चेतावनी दी थी कि कानून विरोधी कार्य करने वालों को ऐसा सबक सिखाया जायेगा। निस्संदेह, कानून की उचित प्रक्रिया की अवहेलना और बदले की भावना से राजकीय मशीनरी का काम करना न्याय क्रियान्वयन प्रणाली को कमजोर ही करता है। इसमें दो राय नहीं कि अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन जरूरी है कि स्थापित प्रक्रिया के अनुरूप ही कार्रवाई हो। ऐसा नहीं होना चाहिए जिससे संदेश जाये कि यह कार्रवाई राजनीतिक या सांप्रदायिक सोच से प्रभावित होकर की गई है। पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय की तल्ख टिप्पणी को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। शासन-प्रशासन की विश्वसनीयता के लिये जरूरी है कि उसके फैसलों में नीर-क्षीर विवेक नजर आये। ऐसा उसे अपने विवेक से ही करना चाहिए और बार-बार अदालत को यह याद कराने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश में रहते हैं।

निस्संदेह, कानून को अपने हाथ में लेने वाले बख्शे नहीं जाना चाहिए, लेकिन कार्रवाई के दौरान यह संदेश कदापि नहीं जाना चाहिए कि संप्रदाय विशेष को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं सभी संप्रदायों के लोगों की भी जिम्मेदारी है कि हिंसा का सहारा लेने वालों को अलग-थलग करके कानून की मदद करें। सांप्रदायिक सोच के चलते ऐसे तत्वों का संरक्षण भी पुलिस-प्रशासन को ऐसे कदम उठाने को बाध्य करता है, जिसकी चपेट में निर्दोष लोग भी आ सकते हैं।

# चाणक्य की न्याय नीति



**प्रियंका चन्द्रा**



**चाणक्य** महान विद्वानों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ स्थान रखते हैं। उन्होंने मौर्य साम्राज्य की स्थापना करके अखण्ड भारत का निर्माण किया था। आचार्य चाणक्य एक बड़े दूरदर्शी विद्वान थे। चाणक्य के अनुसार न्यायधीश को निष्पक्ष होकर न्याय करना चाहिए।

**दण्डपारुष्यात सर्वजनद्वेष्यो भवति।**

भावार्थः किसी न्यायाधीश को न्याय करते समय किसी पूर्वाग्रह अथवा शत्रुता के वशीभूत होकर अपराधी को दंड नहीं देना चाहिए अन्यथा जनता उसकी निंदा करने से नहीं चूकती।

न्यायाधीश को कौटिल्य अर्थशास्त्र में धर्मस्थ की संज्ञा दी गयी है। दण्डनीति धर्म पर आधारित होनी चाहिए। कानून सबके लिए समान हो। चाहे वह राजा का बेटा हो या आम आदमी, किसी अपराध के लिए जो दण्ड निर्धारित हो, वह सबके ऊपर समान रूप से लागू हो। अभियुक्त को अपने बचाव का पूरा अवसर दिया जाए। गवाहों के बयान उसकी उपस्थिति में हो, अभियोग सिद्ध होने पर सजा अवशय़ दी जाए। गवाह झूठा बयान दे तो उसे भी सजा दी जाए, निर्दोष को न फांसा जाए। गलत इल्जाम लगाने वाले से जुर्माना वसूल किया जाए और निर्दोष को जो नुकसान हुआ हो उसकी भरपाई की जाए। न्यायाधीश उन्हीं लोगों को बनाया जाए जो कानून के जानकार हों, ईमानदार और स्वच्छ छवि के हों साथ ही साथ निर्भीक हो, सही निर्णय दे, किसी के दबाव में न आए। उनको अच्छा वेतन दिया जाए। लालच या दबाव में आकर निर्णय करने वाले न्यायाधीश दण्ड के पात्र समझे जाए। न्याय की सम्पूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए, अपराध मुक्त समाज की रचना तभी सम्भव है। अपराधी समाज के लिए कांटा (कण्टक) होता है, उसे सजा दिलाने को चाणक्य ने 'कण्टक शोधनइ कहा है। अपराध छोटा हो या बड़ा अपराध है और अपराधी को सजा मिलनी चाहिये सजा अपराध के अनुरूप होनी चाहिए। कम भी नहीं और अधिक भी नहीं हत्या, डकैती, चोरी, बलात्कार जैसे बड़े अपराधों की सजा भी वैसी ही कठोर होनी चाहिए, दुस्साहस करने वालों को भी सजा मिलनी चाहिए। गाली गलौच, निन्दा, दूसरों को धमकाना आदि को चाणक्य ने 'वाकपारूष्यइ अपराध की संज्ञा दी। काने, गंजे, लंगडे, लूले आदि को काना, गंजा लंगड़ा कहकर सम्बोधित करना शिष्टाचार के विरूद्ध है, इसलिए दण्डनीय है। ऐसे सम्बोधन करने वालों पर जुर्माना लगाने की व्यवस्था होनी चाहिए। एक दूसरे के व्यवसाय की निंदा करने वाले, अपने देश समाज और पूजा स्थलों की निन्दा करने वाले भी दण्ड के पात्र बनते हैं। सरकारी अधिकारी, व्यवसायी, शिल्पी, कार्मिक जनता का शोषण न करें इसकी जिम्मेदारी राज्य पर है। जनहित के विरूद्ध काम करने वालों को दण्ड मिलना चाहिए दण्ड कितना हो, किस प्रकार का हो, इसका निर्णय अपराध के अनुसार होना चाहिए। राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों का आचरण शुद्ध हो, तभी वे दण्ड व्यवस्था के द्वारा जनता को सही रास्ता दिखा सकते हैं। अपराधी कर्मचारियों को दण्ड से शुद्ध करना आवशयक है। उच्च पदों पर बैठे लोग अपने अधिकार का दुरूपयोग कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में चाणक्य नीति स्पष्ट और व्यावहारिक है। उनको ऐसा करने से रोकने के लिए शासन को सतर्क रहना चाहिए। ऐसे लोगों की तुलना वे पानी में तैरती मछली से करते हैं। मछली जल की कुछ बूंदें कब पी जायगी, पता लगाना आसान नहीं है। वैसे ही राजकोष से सम्बन्धित अधीकारी कब घपला कर बैठें कहा नहीं जा सकता। इसके लिए उन्होंने खुफिया जानकारी की व्यवस्था सुझाई और अपराधियों के लिए दण्ड की व्यवस्था भी निर्धारित की। राज्य के अधिकारी जनता को कष्ट न पहुचाएं इसको भी उन्होंने प्राथमिकता दी। आयकर अधिकारी उतना ही टैक्स वसूल करे जितना निर्धारित हो, सही समय और सही रूप में टैक्स का निर्धारण करें।

कर विभाग के अधिकारी राज्य और करदाता दोनों का अहित करते हैं यदि करदाता का शोषण करते है। उसे कष्ट देते हैं, अनुचित ढंग से वसूली करते हैं, ऐसी स्थिति में वे दण्ड के भागी होते हैं। न्याय प्रक्रिया में जनता का विश्वास हो इसके लिए यह आवशयक है कि न्यायाधीशों का आचरण और व्यवहार उदाहरणीय हो। क्षीर नीर का विवेक वे तभी रख पायेंगे जब निष्पक्ष हों, निर्भीक हों और स्वयं कानून का पालन करने वाले हों, लालच और स्वार्थवश फैसले न करें। अभियुक्त या अभियोक्त को डराएं या धमकाएं नहीं, उनकी बोली बन्द करने का प्रयास न करें। रिश्वत न लें, गवाहों से पूछने योग्य बातें ही पूछें, अप्रासंगिक बातें न पूछे, गवाह की बात में अपनी बात डालने की कोशिश न करें, निर्णीत मामलों को बारबार स्वयं न उठाएं, बातों में साक्षी को उलझाएं न रखें आदि। न्यायधीश यदि किसी निरपराधी को जानबूझकर दण्ड दे तो उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

यह सजा निर्धारित दण्ड से दो गुनी से आठ गुनी तक हो सकती है। न्यायाधीश का मुर्हिरर यदि कहा हुआ बयान दर्ज न करके गलत बयान दर्ज करता है, कथन का अर्थ बदल देता है तो सजा का भागी होता है।

# दुष्कर्म पीड़िता के बच्चों को भी मुआवजा का हक मिले



**रेप** के कारण पैदा हुए बच्चे को लेकर विक्टिम कॉम्पेंसेशन स्कीम में कोई मुआवजे का प्रावधान नहीं है। हाई कोर्ट ने सरकार से कहा है कि कानूनी प्रावधान में बदलाव के समय रेप के चाइल्ड विक्टिम के मुआवजे का प्रावधान भी शामिल किया जाए। हाई कोर्ट ने कहा है कि रेप के कारण अगर कोई बच्चा पैदा हुआ है तो वह बच्चा विक्टिम ऑफ ऑफेंस है और वह अलग से मुआवजे का हकदार है।

इस मामले में, आरोपी ने अपनी सौतेली नाबालिग बेटी के साथ रेप किया और वह गर्भवती हो गई थी। इस मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई और सरकार को निर्देश दिया गया कि वह प्रस्तावित स्कीम के तहत विक्टिम को 7.5 लाख रुपये मुआवजे का भुगतान करे। यह मामला साउथ दिल्ली इलाके का है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपनी साढे. 14 साल की बेटी के साथ रेप किया और इस कारण लड़की गर्भवती हो गई। लड़की की मां उसे अस्पताल ले गई लेकिन वहां पता चला कि वह गर्भवती है और गर्भ 20 हफ्ते से ज्यादा का हो चुका था। ऐसी स्थिति में गर्भपात भी संभव नहीं था। आखिर में 2014 की फरवरी में बच्ची ने एक बेटे को जन्म दिया। इस दौरान लड़की ने बयान दिया कि उसके पिता ने उसके साथ रेप किया था। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पैदा हुए बच्चे का डीएनए आरोपी से मिल गया। निचली अदालत ने इस मामले में 2015 में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

इस मामले में हाई कोर्ट ने कहा कि 14 साल की लड़की के साथ रेप हुआ और इस कारण वह सीआरपीसी की धारा-357 ए के तहत विक्टिम कॉमेपेंसेशन स्कीम के तहत मुआवजे की हकदार है। पोक्सो के तहत मेंटल और फिजिकल ट्रॉमा के लिए मुआवजे का प्रावधान है। हाई कोर्ट ने कहा कि कानून में रेप के कारण पैदा हुए बच्चे के मुआवजे को लेकर कुछ भी प्रावधान नहीं है। बच्चा न सिर्फ विक्टिम पर निर्भर है बल्कि वह सीधे तौर पर विक्टिम ऑफ क्राइम है। दिल्ली सरकार की विक्टिम कॉम्पेंसेशन स्कीम के तहत, पोक्सो के मामले में मुआवजे का प्रावधान नहीं है बल्कि सिर्फ सीआरपीसी के प्रावधान के तहत मुआवजे का प्रावधान है।

दरअसल दिल्ली सरकार का दिल्ली विक्टिम कॉम्पेंसेशन स्कीम 2011 में पास हुआ और पोक्सो एक्ट के तहत प्रावधान 2012 में लागू किए गए। इसलिए मौजूदा कानून में पोक्सो का जिक्र ही नहीं है। दिल्ली स्टेट लीगल सर्विस अथॉरिटी ने कहा है कि स्कीम को इंप्रूव किया जा रहा है और दिल्ली विक्टिम कॉम्पेंसेशन स्कीम 2015 लाया जा रहा है। इसमें चाइल्ड विक्टिम के लिए भी प्रावधान है। रेप में अधिकतम मुआवजा पांच लाख और चाइल्ड विक्टिम में साढे. 7 लाख का प्रावधान किया गया है। हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसे में कानूनी प्रावधान में जो भी इंप्रूवमेंट किया जा रहा है उसमें चाइल्ड विक्टिम के लिए प्रावधान किया जाए। साथ ही, निर्देश दिया जाता है कि प्रस्तावित स्कीम के तहत विक्टिम को साढे. 7 लाख रुपये बतौर मुआवजा दिए जाने की सिफारिश की जाती है। चूंकि अभी तक विक्टिम कॉम्पेंसेशन फंड स्थापित नहीं है ऐसे में डीएसएलएसए दिल्ली सरकार की मदद से फंड का इंतजाम कराए।

# दुनिया में बढ़ते साइबर अपराध



**मृत्युंजय प्रसाद**





**उच्चतम** न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर ने आज कहा कि साइबर अपराध में तेज वृद्धि इस बुराई से निबटने के लिए एक एहतियाती कानून की आवशयकता पैदा कर दी है क्योंकि फिलवक्त इस समस्या ने कई सरकारी विभागों की वेबसाइट हैककर इन विभागों पर भी असर डाला है।

पूर्व न्यायमूर्ति लोकुर ने यहां साइबर कानून, साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा पर दो दिवसीस सम्मेलन में समापन भाषण देते हुए कहा, ''हमें साइबर अपराधों को रोकने के लिए एक कानून के बारे में सोचने की जररत है। 2014-15 के बीच साइबर अपराधों में 20.5 फीसदी की वृद्धि हुई और हमें निकट भविष्य में इसकी संख्या में गिरावट नजर नहीं आती दिखाई देती है। ''

उन्होंने कहा, ''साइबर सुरक्षा अहम है। सरकारी वेबसाइटें भी हैक कर ली जाती है और उनका दुरूपयोग किया जाता है जिससे लोग गलत सूचनाओं से भ्रमित हो जाते हैं। एहतियाती कदम की जरूरत है। ''

लंदन, ब्रिगटंन यूनिर्विसटी के अनुसंधानकर्ताओं ने अपने अध्ययन के बाद दावा किया कि भारत तेजी से साइबर अपराध की धुरी के तौर पर उभर रहा है और इस देश में चलने वाले कॉल सेंटर भीतरी धोखाधड़ी के स्रोत हैं लंदन, ब्रिगटंन यूनिर्विसटीदन, ब्रिगटंन यूनिर्विसटी के अनुसंधानकर्ताओं ने अपने अध्ययन के बाद दावा किया कि भारत तेजी से साइबर अपराध की धुरी के तौर पर उभर रहा है और इस देश में चलने वाले कॉल सेंटर भीतरी धोखाधड़ी के स्रोत हैं। इसकी वजह की पहचान करते हुए अध्ययन में कहा गया है कि आर्थिक मंदी कम्प्यूटर साक्षर अपराधियों को इलेक्ट्रानिक घोटालों की ओर ले जा रही है।अध्ययन का नेतृत्व करने वाले प्रोफेसर हावर्ड रश ने कहा, 'भारत में समूहों और व्यक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा की तैयारियों के साथ रूस, चीन और ब्राजील साइबर अपराध में दुनिया में सबसे आगे हैं। फिर भी यूरोपऔर अमेरिका में कंपनियाँ अच्छे आईटी कौशल और कम मजदूरी की वजह से भारत, ब्राजील, रूस और पूर्वी यूरोप में सूचना प्रौद्योगिकी एवं साफ्टवेयर विकास का काम बढा रही हैं।' जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 'हाल के वर्षों में साइबर अपराध में तेज बढोतरी हुई है।' इसमें दावा किया गया है कि स्पैम, हैकिंग और धोखाधड़ी के सूचित मामलों की संख्या 2004 से 2007 में 50 गुना बढी है। रिपोर्ट में कहा गयासमस्या की व्यापकता और प्रकृति स्वाभाविक तौर पर बहुदेशीय है. ब्रिटेन में चोरी किये गये क्रेडिट कार्ड के विवरण की प्रासेसिंग मलेशिया में हो सकती है और उसका उपयोग आस्ट्रेलिया में किया जा सकता है जबकिजबकि भारतीय काल सेंटर हर जगह भीतरी धोखाधड़ी के स्रोत हैं।' रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों के आनलाइन होने के साथ ही साइबर अपराध नए और ज्यादा अनुमति योग्य माहौल पा रहा हैं।

# कर्ज भुगतान में चूक पर अब दंडात्मक ब्याज नहीं वसूल सकेंगे बैंक



**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा ह्यदंडात्मक ब्याज को अपना राजस्व बढ़ाने के माध्यम के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। केंद्रीय बैंक ने इस बारे में संशोधित नियम जारी किए हैं। नए नियमों के तहत कर्ज भुगतान में चूक के मामले में अब बैंक संबंधित ग्राहक पर सिर्फ उचित दंडात्मक शुल्क ही लगा सकेंगे। रिजर्व बैंक ने उचित ऋण व्यवहार-कर्ज खातों पर दंडात्मक शुल्क के बारे में शुक्रवार को जारी अधिसूचना में कहा कि बैंक और अन्य ऋण संस्थानों को एक जनवरी, 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की अनुमति नहीं होगी।

केंद्रीय बैंक की अधिसूचना में कहा गया है, कर्ज लेने वाले व्यक्ति द्वारा ऋण अनुबंध की शर्तों का अनुपालन नहीं करने पर उससे दंडात्मक शुल्क लिया जा सकता है। इसे दंडात्मक ब्याज के रूप में नहीं लगाया जाएगा। दंडात्मक ब्याज को बैंक अग्रिम पर वसूली जाने वाली ब्याज दरों में जोड़ देते हैं। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने स्पष्ट किया है कि दंडात्मक शुल्क उचित होना चाहिए। यह किसी कर्ज या उत्पाद श्रेणी में पक्षपातपूर्ण नहीं होना चाहिए।

अधिसूचना में कहा गया है कि दंडात्मक शुल्क का कोई पूंजीकरण नहीं होगा। ऐसे शुल्कों पर अतिरिक्त ब्याज की गणना नहीं की जाएगी। हालांकि, केंद्रीय बैंक के ये निर्देश क्रेडिट कार्ड, बाह्य वाणिज्यिक कर्ज, व्यापार क्रेडिट आदि पर लागू नहीं होगी। केंद्रीय बैंक ने कहा, ह्यदंडात्मक ब्याज/शुल्क लगाने की मंशा कर्ज लेने वाले में ऋण को लेकर अनुशासन की भावना लाना होता है। इसे बैंकों द्वारा अपना राजस्व बढ़ाने के माध्यम के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### डुमरी उपचुनाव के लिए पांच ने दाखिल किया प्रपत्र

**बोकारो।** 33 डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर अनुमंडल कार्यालय डुमरी में कुल आठ नाम निर्देशन प्रपत्रों की बिक्री हुई है। इसके अलावा नाम निर्देशन प्रपत्रों को दाखिल करने वाले पांच अभ्यर्थियों में 02 सेट में जेएमएम से बेबी देवीए पतिः जगरनाथ महतोए 04 सेट में आजसू पार्टी से यशोदा देवीए पतिः दामोदर प्रसाद महतोए 01 सेट में निर्दलीय रोशनलाल तुरीए पिताः जीवलाल तुरीए 01 सेट में झारखण्ड पीपुल्स पार्टी से बैजनाथ महतो, पिताः रामेश्वर महतोए 01 सेट में निर्दलीय से लैलुन निशा, पतिः अब्दुल मोबीन हैं।

### श्री अय्यप्पा स्कूल में सामूहिक नृत्य

**बोकारो।** श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में घूमधाम के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सुबह विद्यालय के छात्र. छात्राओं एंवए शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रभात फेरी से किया गया। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष पी राजगोपाल, उपाध्यक्ष मोहनन आर नायर और शशिंद्रन कराट, बोर्ड सदस्य सुरेश कुमार तथा बी शाजीन, विद्यालय के निदेशक डॉ एसएस महापात्रा, प्राचार्य पीण्शैलजा जय कुमार, उप प्राचार्य राजलक्ष्मी एवं सभी प्रभारी, शिक्षक शिक्षिका, कर्मचारी तथा विद्यार्थी मौजूद थे।

### युद्धपोत निर्माण के लिए सेल ने की स्पेशल स्टील की आपूर्ति

**बोकारो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने भारत के छठे स्वदेशी युद्धपोत विंध्यगिरी के निर्माण के लिए जरूरी 4000 टन विशेष किस्म के स्टील की आपूर्ति कर देश की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। इसका निर्माण मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। युद्धपोत के लिए आपूर्ति किए गए स्टील में डीएमआर 249 ए ग्रेड की एचआर शीट्स और प्लेट्स शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट पी 17, की महत्वपूर्ण परियोजना के तहत सात युद्धपोतों का लांच होना है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में सेल की भागीदारी, भारत के रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विकास और इनोवेशन को बढ़ावा देने की दिशा में कंपनी के दृढ़ समर्पण का उदाहरण है। बीएसएल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस युद्धपोत में बोकारो स्टील प्लांट का 2000 टन डीएमआर 249 ए ग्रेड स्टील लगा है। यानी इसमें 50ः हिस्सेदारी बोकारो की है। पूर्व में भी आईएनएस विक्रांत के लिए बोकारो ने स्टील की आपूर्ति की थी।

### सावधानी और उपचार है आई फ्लू का सही निदान : डॉक्टर संजय

**बेरमो।** सीसीएल रीजनल अस्पताल करगली के सीएमओ सह नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आई फ्लू का निदान सावधानी और समय पर उपचार है। उन्होंने कहा की यदि आंख में लालिमा छा जाए या हल्का लाली आने लगे तो प्रभावितों को ठंडा पानी से हल्का छींटा देकर आंख साफ करना चाहिए। यदि पास पड़ोस में किसी को आई फ्लू हो गया हो तो उससे दूरी बनाकर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई के साथ-साथ समय पर चिकित्सक से भी सलाह लेनी चाहिए और उनकी सलाह से ही आंख में ड्रॉप डालना चाहिए। आई फ्लू से घबराने की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज होने से 4 से 5 दिन में आई फ्लू ठीक हो जाता है। यदि लापरवाही बढ़ती गई तो आगे परेशानी हो सकती है।

### स्वाधीनता दिवस पर बच्चों ने बांधा समां

**बेरमो/गोमियां।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत हजारी मोड़ के समीप स्थित मॉडर्न एकेडमिक पब्लिक स्कूल में आजादी का 77वा वर्ष गांठ धूम धाम व हरसोउल्लास के साथ मनाया गयाण्इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों झूमने पर मजबूर कर दियाण्विद्यालय में प्रधानाध्यापक रंजीत राम ने झंडोतोलन किया। मौके पर मुख्य अतिथि मुखिया तारामणि देवी मौजूद थीं।

# अस्पतालों को जरूरी सुविधाओं से करें लैस

### धनबाद उपायुक्त ने की डीएमएफटी योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



डीएमएफटी संचालित योजनाओं की समीक्षा करते धनबाद के उपायुक्त।

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत जिले में हो रहे विकास कार्यों को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस समेत अन्य से विभागों में डीएमएफटी से चल रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारी से डीएमएफटी फंड से अपने अपने विभाग के अपेक्षाओं के बारे में जानकारी ली। सभी पदाधिकारी ने अपने अपने विभागों की आवश्यकताओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को सभी स्वास्थ्य केंद्रों, सदर अस्पताल, मेडिकल कॉलेज में बेहतर से बेहतर सुविधा मुहैया कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में जो भी कमी हो उसे डीएमएफटी के तहत पूरी की जाएगी। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को ममता वाहन एवं एंबुलेंस की व्यवस्था को निगरानी करने को निर्देशित किया एवं जिले के शीर्ष पांच बीमारियों की पहचान करते हुए विशेष अभियान चलाने की बात कही। वहीं समाज कल्याण पदाधिकारी ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आँगनबाड़ी केंद्र बनाने की मांग डीएमएफटी फण्ड से की। उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को इसकी रूपरेखा तैयार करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के शिक्षा में हर तरह की सुविधा मुहैया कराया जाए। साथ ही जहां आधारभूत संरचना, बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था में कमी है उसे डीएमएफटी फंड से पूरी की जाएगी। उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत अन्य विकास कार्यों को करने, विभिन्न क्षेत्रों से आए विकास कार्यों के प्रस्तावों आदि पर बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए योजनाओं के चयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिसके उपरांत उपायुक्त ने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करने, गुणवत्ता का ध्यान रखने एवं ससमय योजनाओं को पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

#### फिशरी और पोल्ट्री से जोड़े जाएंगे ग्रामीण

जेएसएलपीएस के तहत चल रहे कार्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने फिशरी एवं पोल्ट्री से लोगों को जोड़ते हुए लोगों को सुविधा मुहैया कराने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिलेवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्लान बनाएं एवं डीएमएफटी से जिस प्रकार के सहयोग की आवश्यकता है उसे बताएं। जेएसएलपीएस पदाधिकारी ने उपायुक्त ट्रेनिंग सेंटर एवं प्रोडक्शन सेंटर की मांग की।

#### समीक्षा बैठक में थे मौजूद

मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभान प्रतापन, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, पीएमयू की टीम समेत संबंधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सिंदरी को सुंदर बनाने में सबका सहयोग जरूरी : लक्की सिंह



**सिंदरी।** एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन के द्वारा सिन्दरी के चेक पोस्ट के नोटिस प्राप्त भयभीत लोगों के साथ जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह के साथ प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुलाकात कर ढाँढस बँधाया। सभा में संयुक्त महामंत्री ने कहा कि सिंदरी को सुन्दरी बनाने के लिए सबका सहयोग चाहिए। किसी भी व्यक्ति को भयभीत नही होना है जो जहाँ है वही रहेंगे। शहर को सुंदर करने के लिए एक सिस्टम में सुसज्जित करना होगा। इसमें सभी लोगों ने उनके साथ सहयोग की बात की और एक साथ एक लाइन से घर बसाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसका सर्वे जल्द कर बहुत जल्द एक सिस्टम और रूप रेखा तैयार किया जाएगा। इसके पूर्व गुरुवार की शाम लक्की सिंह ने शहरपुरा बाजार के दुकानदारों से मुलाकात कर हालचाल जाना। बाजार में हो रहे जलजमाव और सूर्यदेव सिंह चौक पर हाइ मास्ट लाइट को सुधारने की बात कही। सभा में त्रिवभुवन सिंह चन्द्रावती देवीए संगीता देवीए सविता देवीए अमजद अलीए शंकर प्रसादए सूरज कुमारए अनूप सिंहए मंगल रक्षितए महावीर प्रसादए भरोसा कुमारए फुलटू पॉल सहित सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय महिला पुरुष उपस्थित थे।

## 65 दिव्यांग बच्चों को मिले संसाधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** समावेशी शिक्षा के तत्वावधान में झरिया बी आर सी के रिसोर्स सेन्टर के प्रांगण में शुक्रवार को दिव्यांगता जाँच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि केडी पाण्डे ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। मंच संचालन डॉ मनोज सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अखलाक अहमद ने किया। शिविर में एलिम्बकों कानपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ दीपक कुमार मंडल, डॉ जया चन्द्र, डॉ शाशि कुमार, डॉ महेंद्र, डॉ राहुल शर्मा की टीम ने 110 दिव्यांग बच्चों की जांच किया। इस दौरान 65 दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर, सी पी चेयर, कैलिपर, ट्राइसायकिल, बैशाखी, जैसी सहायक सामग्री, कान की मशीन एवं नेत्रहीन दिव्यांग को ब्लाइंड स्टीक के लिए चयनित किया गया। साथ ही पूर्व में चयनित 25 दिव्यांग बच्चों को सी पी चेयर, हियरिंग एड, व्हीलचेयर, ट्राईसाईकिल, रोलेटर, एम आई यस ई डी कीट प्रदान किया गया।



दिव्यांग बच्चों को संसाधन प्रदान करते लोग।

#### दिव्यांग बच्चों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

विधायक प्रतिनिधि केडी पाण्डे ने कहा कि झरिया के दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है। योजना का लाभ उठाने हेतु समाज के लोगों में जागरूकता जरूरी है। झरिया का रिसोर्स सेंटर पूरे झारखंड में अच्छा है। श्री पांडेय ने कहा कि दिव्यांग जनों के सहायता हेतु विधायक हमेशा तत्पर हैं। शिविर में बी पी ओ सुनील सिंह, फील्ड मैनेजर विजय तिवारी, पार्षद निरंजन कुमार, दिलीप आडवाणी, डॉ सबा आलम खान डॉ मंनोज सिंह, अखलाक अहमद, सुखलाल जी, दीलिप कर्ण, राजकुमार वर्मा, राकेश पासवान, अजय पाल, कृष्णा पाण्डे, भूपेंद्र सिंह, राजन श्रीवास्तव,सीमा देवी मौजूद थे।

## नहाने गये बच्चे की पोखरिया में डूबने से मौत

#### बंद पोखरिया में नहाने गया था बच्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** तिसरा थाना अंतर्गत गोलकडीह रानी सती बिसिसिएल कॉलोनी निवासी राजकुमार सिंह के इकलौता 13 वर्षीय पुत्र उत्सव कुमार नहाने के क्रम में शुक्रवार को सुबह गोलकडीह स्थित टू सिम बंद पोखरिया में डूब गया था। बताया जा रहा है की उत्सव अपने चार दोस्तों बंटी, नैतिक, कान्हा के अलावे एक अन्य के साथ स्नान करने गया था। जहा उसमें से एक लड़का डूब रहा था, जिसे बचाने के लिए उत्सव पानी में कूदा। वह लड़का तो बच गया, लेकिन उत्सव उक्त पोखरिया में डूब गया। जिसकी सूचना पाकर आसपास के लोग और तिसरा पुलिस मौके पर पहुंचे हुए हैं। उत्सव कुमार सिंह गोलकडीह आदर्श श्रमिक उच्च विद्यालय में आठवीं कक्षा का छात्र बताया जाता है और उसकी एक बहन भी है। उसकी मां का 4 साल पूर्व बीमारी से मौत हो गई हैं। पिता राजकुमार सिंह बीजीआर आउटसोर्सिंग में कार्यरत हैं। एक दिन पूर्व अपने पैतृक गांव वैशाली (बिहार) चले गए हैं।

#### घटनास्थल पर पहुंची रागिनी सिंह



वही घटना की सूचना मिलने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह घटना स्थल पर पहुंची वही धनबाद उपायुक्त को दूरभाष पर संपर्क कर मामले की जानकारी दी वही उत्सव को ढूंढने को लेकर गोताखोर उपलब्ध कराने की बात कही लेकिन सरकारी व्यवस्था न होने के कारण श्रीमती रागिनी सिंह ने अपने सहयोगियों की मदद से गोताखोरों से संपर्क कर जल्द से जल्द घटनास्थल पर भेजवाने में मदद की। मौके पर उत्सव कुमार के चाचा रामकुमार सिंह चचेरा भाई आदर्श कुमार एवं अन्य परिजनों के अलावा कई स्थानीय सैकडों लोग मौजूद थे।

## धनबाद : वरिष्ठ पत्रकार स्व राम जी यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**धनबाद।** धनबाद के टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में वरिष्ठ पत्रकार स्व राम यादव की 9वीं पुण्यतिथि फूल माला चढ़ाकर मनाया गया। स्वर्गीय राम जी यादव के 9वीं पुण्यतिथि के मौके पर उनके पुत्र रोहित आर्यन भाई सुरेंद्र यादव वीरेंद्र यादव विजय सिन्हा वरुण वैद्य गोपाल जी चौबे अजय सरोज आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी कार्यकारिणी अध्यक्ष सुधीर वर्णवाल सचिव डॉ देवेंद्र सरण राजेश कुमार विनोद कुमार सहित आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल बुजुर्ग लोगों ने उनके तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं उनके बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। बता दें कि रामजी यादव लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं रामजी यादव का सपना था धनबाद जिला में एक वृद्ध आश्रम का स्थापना किया जाए रामजी यादव की देखरेख में लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम का स्थापना किया गया था। वही पुण्यतिथि के मौके पर आश्रम के कार्यकारिणी अध्यक्ष सुधीर वर्णवाल ने स्व रामजी यादव के 9 वीं पुण्यतिथि के मौके पर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला।

## समाजसेवी धीरन रवानी की मनी छठी पुण्यतिथि

**राजगंज।** सुप्रसिद्ध समाजसेवी सह अखिल भारतीय चन्द्रवंशी समाज के संरक्षक स्व धीरन रवानी की छठी पुण्य तिथि आज प्रगति कोचिंग सेंटर डोमनपुर में मनाया गया। उपस्थित सभी लोगों ने धीरेन रवानी के चित्र पर पुष्प अर्पित एंव दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता शिक्षक शुभम रवानी ने की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश चंद्रवंशी समाज के पूर्व प्रदेश सचिव सह भाजपा नेता नीलकंठ रवानी ने कहा की पुलिस की उदासीनता के कारण धीरेन रवानी की हत्या हुई थी। जो आज ६ वर्ष बीत जाने के बाद भी इसका खुलासा नही हो पाया है। आज जिले मे ही नही बल्कि पूरे प्रदेश मे अराजकता का माहौल बना हुआ हैं हत्या ,लुट बलात्कार , डकैती आम बात हो गयी हैं। धीरेन रवानी बहुत ही कम दिनो मे अपनी पहचान झारखंड के अलावा देश के कई राज्यों मे बना चुके थे उनके जाने से समाज को बहुत क्षति हुई हैं। भले ही वे आज हमारे बीच नही है लेकिन उनकी यादे उनकी विचारधाराएँ आज भी हमलोगो के साथ हैं। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से मुखिया पति भोलानाथ महतो गणेश चंद्र रवानी देवेंद्र रवानी निलेश कुमार , पंकज कुमार रवानी , गौतम कुमार महतो , चंदन कुमार रवानी , किशोर कुमार रवानी शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में सेमिनार

#### बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शुक्रवार को अपने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में लायंस क्लब बाघमारा द्वारा एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें बाल संरक्षण ,बाल अधिकार एवं बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाघमारा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति, विशिष्ट अतिथि ,बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष (झारखंड) शंकर रवानी, लायंस क्लब बाघमारा के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सहयोगी शंकर ठाकुर, बबलू मिश्रा, विनोद मिश्रा के साथ विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा एवं विद्यालय कार्यकारिणी के सदस्य उत्तम गयाली उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। अपने उद्बोधन में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हमारे बच्चे समाज में हो रहे अपराध से परिचित हों। उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की योजना के अनुसार उन्हें निशुल्क शिक्षा दी जाए साथ ही साथ बाल मजदूरी को भी रोका जाए ,जो कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में 14 नवंबर 2012 को पोक्सो एक्ट लागू किया गया जिसका उद्देश्य लैंगिक अपराध रोकना है। इसमें 9 सेक्शन एवं 36 धाराएं हैं।



स्कूल परिसर में सेमिनार का उद्घाटन करते शिक्षकगण।

## सिंदरी : गाजर घास दमा रोग में घातक : हर्ल अधिकारी

#### जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** पूरे भारत वर्ष में 16 अगस्त से 22 अगस्त तक गाजर घास जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसको लेकर हर्ल के स्थायी व अस्थायी कर्मचारियों ने सिंदरीवासियों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को एफसीआइएल गेट सहित रोहड़ाबाँध अंबेडकर चौक, एसबीआई सिंदरी के समीप तथा रोहड़ाबाँध दुर्गा मंडप के पास जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के नेतृत्वकर्ता हर्ल सिंदरी डिस्पैच सहायक प्रबंधक मनीष कुमार ने स्थानीय लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि गाजर घास उर्फ पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस मनुष्य के साथ साथ पशुओं के लिए भी काफी दुष्परिणाम साबित होता है। इसके सम्पर्क में आने से एग्जिमा, एलर्जी, बुखार, दमा व नजला जैसी घातक बीमारियाँ होती हैं। उन्होंने सिंदरीवासियों को जागरूक करते हुए बताया कि इसे हाँथों से निकाय कर या 2, 4-डी, मेट्रीब्युजिन, एट्राजीन जैसे हबीसाईड केमिकल का इस्तेमाल कर नष्ट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिंदरीवासियों को इस पौधे को शिशु अवस्था में ही जड़ से समाप्त कर देना चाहिए। इस मौके पर हर्ल कर्मियों द्वारा गाजर घास को हाँथों से निकालकर नष्ट भी किया गया।



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हर्ल सिंदरी के अधिकारी।

#### जागरूकता अभियान में थे शामिल

जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से हर्ल एच आर विक्रांत कुमार, सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार उदगाता, एस एस मैथी, सुरेश प्रमाणिक, सैकत कुंडू, मंशूल जैन, दिपिका मधुरिमा मिंज, दिबेश बेहरा, आकाश कुमार, दीपक पाल, जगदीश राज, किरण राज, अखिलेन्द्र सिंह, डॉ नागाराजी बट्टी, बिनोद प्रसाद, शैलेंद्र द्विवेदी, सौरोदीप राय चौधरी, कृपासिंधु पाणिग्रही, अभिषेक पाठक, प्रकाश, अभिनव सहित कई हर्ल के स्थायी व अस्थायी कर्मचारी मौजूद थे।

## जनसमस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त

#### जनता दरबार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं आश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत गौरांगडीह के ग्रामीणों ने मनरेगा एवं अन्य योजना के तहत जमीन समतलीकरण एवं अन्य योजना में बिना काम किए राशि निकासी के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा योजना, चापाकल मरम्मत,15वीं वित्तीय मुखिया फंड की कोई भी योजनाएं धरातल पर नहीं दिख रही है। परंतु सभी योजनाओं में पैसे की निकासी मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं कुछ ग्रामीण ठेकेदार के द्वारा आपस में पैसे का बंदरबांट कर लिया गया है। सभी ग्रामीणों ने इस मामले पर उपायुक्त से जांच कर कार्रवाई की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर कार्रवाई को निर्देशित किया। इस दौरान जनता दरबार में पूर्वी टुंडी से आई विक्टोरिया मुर्मू ने अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने को लेकर उपायुक्त को एक आवेदन सोपा।

#### आवास, पेंशन, राशन कार्ड, रोजगार मुहैया कराने पर हुई चर्चा

इसके अलावे उपायुक्त वरुण रंजन जनता दरबार में शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा से संबंधित समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं का दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

### अंतरराष्ट्रीय मैथ्स प्रतियोगिता में डीपीएस के तीन विद्यार्थी शामिल

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के तीन विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय स्तर की हनोई (वियतनाम) ओपन मैथमेटिक्स प्रतियोगिता 2022-23 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। जूनियर कैटेगरी में अखिल भारतीय स्तर पर रैंक 1 पाने वाले वर्तमान में कक्षा 9 के विद्यार्थी कुणाल आनंद तथा रैंक 2 लाने वाली छात्रा वंशिका सिंह को यह वैश्विक अवसर मिला है। वहींए सीनियर कैटेगरी में वर्तमान में 10वीं कक्षा की छात्रा आव्या सिंह ने आल इंडिया रैंक 6 हासिल किया।

## पेज एक का शेष

### लड़ कर लिया ...

वहीं, जो स्वरोजगार के इच्छुक हैं, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि सिर्फ सरकार युवाओं को रोजगार ही नहीं दे रही, बल्कि उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने में भी मदद भी कर रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवाओं को अपने प्रखंड में ही कौशल विकास का निः शुल्क प्रशिक्षण देने के लिये बिरसा केंद्र खोला गया है। विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। अत्यंत संवेदनशील आदिवासी समुदाय के युवक-युवतियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिये निः शुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम शुरू किया गया है।

सीएम ने कहा, जब आप मजबूत होंगे तो आपके घर- परिवार में सुख समृद्धि आयेगी। परिवार खुशहाल होगा तो राज्य भी सशक्त और मजबूत बनेगा। जब से हमारी सरकार बनी है, तब से कई चुनौतियों हमारे सामने आयीं, लेकिन, तमाम चुनौतियों का सामना करते हुये राज्य को एक नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है, लेकिन, अलग राज्य बनने के 20 वर्षों तक आदिवासियों के हितों को दरकिनार किया जाता रहा है। जब हमारी सरकार बनी तो आदिवासियों को विकास से जोड़ने के लिए कई योजनाएं शुरू की। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, चम्पाई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता,जोबा मांझी, बन्ना गुप्ता, सांसद गीता कोड़ा, विधायक सुखराम उरांव, निरल पूर्ति, सविता महतो, दीपक बिरुवा, सोनाराम सिंकू, मंगल कालिंदी, समीर मोहंती, संजीव सरदार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम सचिव राजेश शर्मा, प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

### हाइकोर्ट ने सीबीआई ...

याचिकाकर्ता को धमकियां भी मिलीं : याचिकाकर्ता विजय हांसदा के अधिवक्ता एसएस चौधरी ने इस संबंध में बताया कि नींबू पहाड़ पर अवैध उत्खनन को रोकने पर उनको धमकाया जा रहा था। उन्होंने पंकज मिश्रा समेत 14 नामजद के खिलाफ साहिबगंज के एसटी-एससी थाना में केस संख्या 6/22 दर्ज कराया था। लेकिन उन्हें पता ही नहीं था कैसे उनके हवाले से याचिका दायर कर सीबीआइ जांच की मांग की गयी थी। अधिवक्ता एसएस चौधरी ने कहा कि उस दौरान विजय हांदसा जेल में थे। जहां तक जेलर के अभिप्रमाणित वकालतनामे का सवाल है तो उन्होंने बेल के लिए हस्ताक्षर किया था। इसी हवाले से उन्होंने याचिका वापस लेने का आवेदन दिया था। इसपर हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता अनिल कुमार और राज्य सरकार के अधिवक्ता सचिन कुमार का पक्ष सुना। इसके बाद मामले की जांच सीबीआइ से कराने का आदेश दे दिया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट को लगा कि इस मामले में प्रभावशाली लोग शामिल हैं, इसलिए इसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि चूकि विजय हांसदा कह रहे हैं कि उन्होंने जांच की मांग वाली कोई याचिका ही नहीं दी है, लिहाजा, उस मैटर की भी सीबीआई जांच करे और एक माह के भीतर रिपोर्ट दें। दरअसल, नींबू पहाड़ गांव के प्रधान विजय हांसदा ने पंकज मिश्रा पर अवैध खनन और धमकाने का आरोप लगाते हुए मामले की सीबीआई से जांच की मांग की थी। उनका आरोप था कि पंकज मिश्रा सत्ता का दुरूपयोग कर नींबू पहाड़ पर अवैध खनन करा रहे हैं। कोर्ट में आने से पहले उन्होंने स्थानीय थाना में अवैध खनन की शिकायत की थी। पुलिस ने उसपर कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि विजय हांसदा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया था। लिहाजा, पुलिस पर अविश्वास जताते हुए विजय हांसदा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसी बीच अवैध खनन मामले में ईडी की कार्रवाई शुरू हो गई थी। मनी लॉन्ड्रिंग के तपह पंकज मिश्रा समेत कई लोग ईडी के हत्थे चढ़ गये थे। फिलहाल, सभी जेल में ही हैं।

### चांद को चूमन...

तस्वीरों में 15 अगस्त को 'लैंडर पोजिशन डिटेक्शन कैमरा' (एलपीडीसी) द्वारा ली गयी तस्वीरें और 17 अगस्त को प्रणोदन मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल के अलग होने के ठीक बाद 'लैंडर इमेजर' (एलआई) कैमरा-1 द्वारा ली गयी तस्वीरें शामिल हैं। लैंडर चंद्रमा की सतह से लगभग 100 किमी की ऊंचाई से चंद्रमा पर उतरेगा। सॉफ्ट लैंडिंग के बाद, छह पहियों वाला रोवर बाहर निकलेगा और एक चंद्र दिवस की अवधि के लिए चंद्रमा की सतह पर प्रयोग करेगा जो पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर है। चंद्रयान एक अगस्त को पृथ्वी की कक्षा छोड़कर चंद्रमा की लंबी यात्रा पर निकल गया था।

### छात्रवासों के पंखों...

इस महीने कोटा में चार ने की खुदकुशी : पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस महीने ही कोटा में चार छात्रों ने आत्महत्या की। मंगलवार को बिहार के गया के 18 वर्षीय आइआइटी-जेइइ अभ्यर्थी ने पीजी के अपने कमरे में लोहे के एंगल से लटककर जान दे दी। कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ चंद्र शेखर सुशील ने कहा कि बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के लिए प्रेरित करने के बजाय अभिभावकों को उन्हें एक योग्यता परीक्षा दिलानी चाहिए और फिर तय करना चाहिए कि उनके लिए सबसे अच्छा क्या है।

## स्पीड न्यूज

### सिंगापुर में राष्ट्रपति चुनाव 1 सितंबर को

**सिंगापुर।** सिंगापुर के राष्ट्रपति का चुनाव एक सितंबर को होगा। इसके लिए सिंगापुर में जन्मे भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम सहित तीन लोग योग्य घोषित किये गये हैं।

### मणिपुर में मुठभेड़ में तीन की मौत

**इंफाल।** हिंसा प्रभावित मणिपुर के कामजोंग जिले के फुनग्यार अनुमंडल स्थित थावाई कुकी विलेज में शुक्रवार की सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन लोगों की मौत हो गयी है।

### राज्यसभा के 27 सदस्य अरबपति

**नयी दिल्ली।** मौजूदा 225 राज्यसभा सदस्यों में से 27 अरबपति हैं। इनमें से छह राज्यसभा सदस्य भाजपा से हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच द्वारा शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है।

# भारत 2030 के वैश्विक लक्ष्य से पहले ही टीबी को खत्म करने की राह पर : मोदी

## पीएम ने जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से किया संबोधित

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत 2030 के वैश्विक लक्ष्य से काफी पहले ही तपेदिक (टीबी) को खत्म करने की राह पर है। प्रधानमंत्री गुजरात के गांधीनगर में आयोजित जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए ये बातें कही।

स्वास्थ्य पहल की सफलता में एक प्रमुख कारक के रूप में सार्वजनिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमारे कुष्ठ उन्मूलन अभियान की सफलता के मुख्य कारणों में से एक है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन पर हमारा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि हमने देश के लोगों से 'नि-क्षय मित्र' या 'टीबी उन्मूलन के लिए मित्र' बनने का आह्वान किया है, जिसके तहत लगभग 1 मिलियन रोगियों को नागरिकों द्वारा अपनाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, अब, हम 2030 के वैश्विक लक्ष्य से काफी पहले टीबी उन्मूलन हासिल करने की राह पर हैं।

महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधीजी स्वास्थ्य को इतना महत्वपूर्ण मुद्दा मानते थे कि उन्होंने इस विषय पर स्वास्थ्य की कुंजी नामक पुस्तक लिखी थी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने का मतलब व्यक्ति के मन और शरीर का सामंजस्य और संतुलन की स्थिति में होना है, जिसका अर्थ है कि स्वास्थ्य ही जीवन का आधार है। प्रधानमंत्री ने संस्कृत के श्लोक आरोग्यम परम भाग्यम, स्वास्थ्यम सर्वार्थ साधनम का उल्लेख किया, जिसका अर्थ है, 'स्वास्थ्य ही परम धन है और अच्छे स्वास्थ्य से हर कार्य पूरा किया जा सकता है।' प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि कोविड-19 महामारी ने हमें याद दिलाया है कि स्वास्थ्य हमारे निर्णयों के केंद्र में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय ने हमें अंतरराष्ट्रीय सहयोग का मूल्य भी दिखाया है, चाहे वह दवा और वैक्सीन वितरण में हो, या अपने लोगों को घर वापस लाने में हो।

### ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने द. अफ्रीका जायेंगे प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय (22-24 अगस्त) यात्रा पर जोहांसबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) जायेंगे। 2019 के बाद पहला मौका होगा जब ब्रिक्स नेता व्यक्तिगत तौर पर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद 25 अगस्त को प्रधानमंत्री ग्रीस का आधिकारिक दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार शिखर सम्मेलन समूह की ओर से शुरू की गयी पहलों की प्रगति की समीक्षा और भविष्य की गतिविधियों के लिए नये क्षेत्रों की पहचान करने का अवसर प्रदान करेगा। ब्रिक्स में भारत के अलावा चीन, दक्षिण अफ्रीका, रूस और ब्राजील हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बैठक में शामिल होंगे। रूस के राष्ट्रपति सम्मेलन में वर्चुअली शामिल होंगे और उनके स्थान पर विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद आयोजित होने वाले एक विशेष कार्यक्रम ब्रिक्स - अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग में भी भाग लेंगे।

# एलसीए नेवल ट्रेनर प्रोटोटाइप एनपी-5 ने 57 मिनट तक भरी पहली उड़ान



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** लाइट कांबैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) नेवल ट्रेनर प्रोटोटाइप एनपी-5 ने शुक्रवार को बेंगलुरु के एचएएल हवाई अड्डे पर पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की। नौसेना के कैप्टन अमित कवाडे ने वायु सेना के सेवानिवृत्त विंग कमांडर सिद्धार्थ सिंह के साथ ट्रेनर प्रोटोटाइप का संचालन किया। विमान ने सभी मापदंडों को सामान्य तरीके से पूरा करते हुए 57 मिनट तक उड़ान भरी।

एलसीए नेवल ट्रेनर विमान के नेवल प्रोटोटाइप 5 (एनपी-5) ने इसी साल 16 जनवरी को अपना इंजन ग्राउंड रन पूरा किया था, जिसकी पुष्टि हाल ही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने की थी। इस ट्रेनर विमान को शुरू में सिंगल इंजन डेक-आधारित लड़ाकू जेट के लिए एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शक के रूप में विकसित किया गया था। ट्रेनर विमान के मार्क-2 संस्करण को ट्विन-इंजन वाले डेक-आधारित फाइटर कार्यक्रम (टीइडीबीएफ) के लिए रखा गया है, जिसके 26 टन वजन के साथ अधिक सक्षम और उन्नत विमान होने की उम्मीद है।

टीइडीबीएफ कार्यक्रम के विकास में एनपी-5 का अहम रोल होगा, क्योंकि इसका उपयोग मुख्य रूप से विभिन्न लैंडिंग परिदृश्यों के दौरान लैंडिंग गियर, महत्वपूर्ण डाटा के अध्ययन और लैंडिंग परीक्षण करने के लिए किया जायेगा।

### फ्रांस से पहला सी-295 विमान 13 सितंबर को मिलेगा

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना के लिए तैयार किया गया पहला सी-295 सैन्य परिवहन विमान अगले महीने 13 सितंबर को मिलेगा। फ्रांसीसी कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने पिछले साल सितंबर में हुए 56 विमानों के सौदे में से यह पहला विमान स्पेन में ही तैयार किया है। भारत को पहला विमान मिलने के साथ ही अन्य 15 विमानों के 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति होने का रास्ता साफ हो जायेगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने दोहरे हत्याकांड में प्रभुनाथ सिंह को दोषी करार दिया

### हाइकोर्ट के फैसले को पलटा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** बिहार से चार बार सांसद रह चुके राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता प्रभुनाथ सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने 1995 में हुए दोहरे हत्याकांड में दोषी करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर को सजा पर बहस के लिए उन्हें अपने सामने पेश करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के डीजीपी और मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे 1 सितंबर को प्रभुनाथ सिंह को कोर्ट में पेश करें। 1 सितंबर को प्रभुनाथ सिंह की सजा पर बहस होगी। प्रभुनाथ सिंह हत्या के एक अन्य मामले में हजारीबाग की जेल में पहले से उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। प्रभुनाथ सिंह पर 1995 में मशरख के एक मतदान केंद्र पर दो लोगों की हत्या का आरोप है। आरोप था कि दोनों लोगों ने मतदान में प्रभुनाथ सिंह समर्थित उम्मीदवार को वोट नहीं दिया था। इसलिए दोनों की हत्या कर दी गयी। इस मामले में मृतक राजेंद्र राय के भाई हरेंद्र राय ने गवाहों को धमकाने की शिकायत की थी, जिसके बाद मामला छपरा की कोर्ट से पटना ट्रांसफर कर दिया गया था।

### 'खुशी' का चौथा गाना 'सब्र ए दिल टूटे' रिलीज



विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु की बहुप्रतीक्षित रोमांटिक फिल्म 'खुशी' के ट्रेलर से लेकर अब तक आये सभी गानों ने दर्शकों पर जादू चलाया है। अब बारी है रिलीज हुए फिल्म के चौथे नये गाने की, जिसके बोल 'सब्र ए दिल टूटे…' हैं। फिल्म निमार्ताओं ने विजय और सामंथा के एक खूबसूरत पोस्टर के साथ इस गाने को शेयर किया है।

# आरबीआइ ने लोन अकाउंट्स पर जुमार्ना लगाने के नियम बदले, अब लगेगा सिर्फ 'उचित' दंडात्मक शुल्क

**मुंबई/नयी दिल्ली (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) ने लोन अकाउंट्स पर जुमार्ना लगाने के नियमों में बदलाव किया है। आरबीआइ ने इसे लेकर संशोधित नियम जारी किये हैं। रिजर्व बैंक के नये नियमों के तहत कर्ज भुगतान में चूक के मामले में अब बैंक संबंधित ग्राहक पर सिर्फ उचित दंडात्मक शुल्क ही लगा सकेंगे। आरबीआइ ने शुक्रवार को बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के दंडात्मक ब्याज को लेकर अधिसूचना जारी की है। रिजर्व बैंक ने उचित ऋण व्यवहार-कर्ज खातों पर दंडात्मक शुल्क के बारे में जारी अधिसूचना के मुताबिक बैंक और अन्य ऋण संस्थानों को एक जनवरी, 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की अनुमति नहीं होगी।



































